उज्जैन
बुधवार
18
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-133
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



केदारनाथ में सारा अली खान को एफिडेविट से मिलेगी एंट्री बीकेटीसी अध्यक्ष बोले-सनातन में आस्था रखने वालों का स्वागत, फोटोग्राफी के लिए तय होगी जगह

पेज- 8

## राष्ट्रपति मुर्मू यूपी में तीन दिन रहेगी, संत प्रेमानंद महाराज से मिलेंगी

**मथुरा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वृंदावन में संत प्रेमानंदजी महाराज से मिलने जा रही हैं। वह 19 से 21 मार्च तक तीन दिन यूपी में रहेंगी।



राष्ट्रपति मुर्मू अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। श्रीरामयंत्र स्थापित करेंगी। मथुरा- वृंदावन में इस्कॉन और प्रेम मंदिर सहित कई प्रमुख धार्मिक स्थलों पर जाएंगी। 20 मार्च को राष्ट्रपति संत उड़िया बाबा के निर्वाण दिवस पर उनके आश्रम पहुंचकर समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगी। संत उड़िया बाबा की जन्मस्थली ओडिशा है। राष्ट्रपति मुर्मू भी वहीं की रहने वाली हैं। राष्ट्रपति का दौरा इसलिए भी खास है, क्योंकि 19 मार्च को हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि शुरू हो रहा है, उसी दिन द्रौपदी मुर्मू रामनगरी पहुंचेंगी।

## नेपाल में शी जिनपिंग की किताब जलाने पर विवाद चीन ने नाराजगी जताई

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की किताब जलाए जाने को लेकर नेपाल में विवाद खड़ा हो गया है। मोरंग जिले के मनमोहन टेक्निकल कॉलेज में शनिवार रात सैकड़ों किताबें जलाई गईं। इनमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की लिखी किताब ह्यद गवर्नेंस ऑफ चाइना की भी कई कॉपियां शामिल थीं। इस घटना के बाद चीन ने कड़ी नाराजगी जताई है। काठमांडू स्थित चीनी दूतावास ने नेपाल के विदेश मंत्रालय को आधिकारिक नोट भेजकर इस मामले में तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। वीडियो वायरल होने के बाद मोरंग के मुख्य जिला अधिकारी युवराज कट्टेल ने मीडिया से वीडियो हटाने को कहा, क्योंकि इससे नेपाल-चीन संबंधों पर असर पड़ सकता था।

## बंगाल में ममता बनर्जी ने 74 विधायकों के टिकट काटे

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की कुल 294 सीटों में से 291 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया। बाकी 3 सीटें सहयोगी बीजीपीएम को दी हैं। ममता ने 74 विधायकों (करीब एक तिहाई) के टिकट काट दिए हैं। 15 विधायकों की सीटें बदली गई हैं। ममता बनर्जी भबानीपुर से चुनाव लड़ेंगी। उनका मुकाबला भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी से होगा। 2021 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में सुवेंदु ने ममता को नंदीग्राम सीट पर हरा दिया था।



## एनआईए ने 6 यूक्रेनी 1 अमेरिकी नागरिक को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने 6 यूक्रेनियों और एक अमेरिकी नागरिक को गिरफ्तार किया। इन पर म्यांमार के जातीय युद्ध समूहों को हथियार और आतंकवादी साजो-सामान की आपूर्ति करके तथा उन्हें प्रशिक्षण देकर उनका समर्थन कर रहे थे। साथ ही भारत में उग्रवाद का भी समर्थन कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मैथ्यू एरॉन वैन डाइक (अमेरिकी नागरिक), हुर्बा पेट्रो (यूक्रेनी नागरिक), स्लीव्याक तारास (यूक्रेनी नागरिक), इवान सुकमानोव्स्की (यूक्रेनी नागरिक), स्टेफानकिव मारियन (यूक्रेनी नागरिक), होनचारुक मैक्सिम (यूक्रेनी नागरिक) और कामिंस्की विक्टर (यूक्रेनी नागरिक) के रूप में हुई है। एनआईए ने 13 मार्च को दिल्ली से तीन यूक्रेनियों, लखनऊ से तीन और कोलकाता से एक अमेरिकी नागरिक को धारा 18 (आतंकवादी षड्यंत्र) और इठर के तहत दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया था।

### इंदौर के बंगाली चौराहे के पास आज सुबह करीब 4 बजे शॉर्ट सर्किट से भीषण हादसा

# कार चार्जिंग के दौरान लगी आग, 7 लोगों की मौत

## 3 झुलसे, घर में रखे 4 सिलेंडर फटने से पूरा इलाका दहला, घर का एक हिस्सा ढहने से अंदर सो रहे लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के बंगाली चौराहे के पास एक कॉलोनी में बुधवार सुबह करीब 4 बजे भीषण हादसा हो गया। एक मकान में इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान हुए शॉर्ट सर्किट ने आग लग गई, जिसमें जलकर 7 लोगों की मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों और शुरूआती जांच के अनुसार, पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी थी। सुबह करीब 4 बजे चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार ने आग पकड़ ली। यह आग तेजी से घर की ओर फैली और वहां रखे 15 गैस सिलेंडरों तक पहुंच गई।

आग लगते ही घर में रखे सिलेंडरों में विस्फोट शुरू हो गया। देखते ही देखते 4 गैस सिलेंडर एक के बाद एक फटे, जिससे पूरा इलाका दहल गया। धमाका इतना जोरदार था कि घर का एक हिस्सा ढह गया और अंदर सो रहे लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। पुगलिया परिवार के यहां एक पारिवारिक कार्यक्रम था, जिसके कारण कई रिश्तेदार भी घर पर रुके हुए थे। इस हादसे में अब तक 7 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**घर में रखे केमिकल में भी आग लगी-** इंदौर के पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बताया, 'शुरूआती जांच के अनुसार, घर के बाहर एक इलेक्ट्रिक गाड़ी चार्ज की जा रही थी और उसका चार्जिंग पॉइंट फट गया। इसके बाद आग गाड़ी से घर तक फैल गई। घर के अंदर 10 से ज्यादा गैस सिलेंडर रखे थे, जिनमें से कुछ फट गए। इस घटना में 7 लोगों की मौत हो गई है। तीन लोगों को लिया गया है। यह घर मनोज पुगलिया का था, जो पॉलीमर का कारोबार करते थे। घर में कुछ ऐसे केमिकल भी रखे थे जो ज्वलनशील हैं।'



**इनकी मौत हुई**
विजय सेठिया (65 वर्ष), छोटू सेठिया (22 वर्ष), सुमन (60 वर्ष), मनोज (65 वर्ष), सिमरन (30 वर्ष), राशि सेठिया (12 वर्ष), टीनू (35)

**ये 3 लोग घायल हुए**
सौरभ पुगलिया (30 वर्ष), आशीष (30 वर्ष), हर्षित पुगलिया (25 वर्ष)



**बिजली सप्लाई बंद हुई, घर में इलेक्ट्रॉनिक लॉक नहीं खुले**

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के मुताबिक, तिलक नगर थाना क्षेत्र में आज सुबह 4 बजे आग लगने की सूचना मिली। तुरंत फायर ब्रिगेड को कॉल किया गया। फायर टीम ने पहुंचकर लगातार आग बुझाने का प्रयास किया। तीन मंजिला मकान है जहां मनोज सेठिया का परिवार रहता था। प्रारंभिक कार्रवाई में तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, घर के बाहर चार्ज हो रहे एक इलेक्ट्रिक वाहन के चार्जिंग पॉइंट पर विस्फोट हुआ, जिससे आग लगी। आग पहले वाहन में फैली और फिर धीरे-धीरे घर के अंदर पहुंच गई।

जांच में यह भी सामने आया है कि घर में इलेक्ट्रॉनिक लॉक लगे हुए थे। आग लगने के दौरान जब बिजली सप्लाई बंद हुई तो ये लॉक खुल नहीं पाए, जिससे अंदर फंसे लोगों को निकालने में कठिनाई हुई। दरवाजों को तोड़कर अंदर प्रवेश करना पड़ा। संभावना है कि घर के अंदर रखे गैस सिलेंडरों में भी आग के कारण विस्फोट हुआ, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बोले- बहुत दुखद घटना है। अलार्मिंग भी है, क्योंकि ईवी का युग है। इसकी चार्जिंग में आग लगी है। पूरा समाज ईवी की तरफ जा रहा है। पुलिस कमिश्नर से कहा है कि इसके लिए एक्सपर्ट की कमेटी बनाएं, ताकि इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो। इसकी पूरी जानकारी लेकर इसकी एसओपी बनाना चाहिए।

## शासकीय कर्मचारियों का डिजिटल डाटा तैयार किया जाएगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी साढ़े सात लाख शासकीय कर्मचारियों का डिजिटल डाटा तैयार किया जाएगा। इसमें प्रत्येक कर्मचारी की जॉइनिंग से लेकर पदस्थापना (ट्रांसफर, पोस्टिंग) और सेवानिवृत्ति तक का रिकॉर्ड सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के पास रहेगा। मध्य प्रदेश में 6,77,397 नियमित कर्मचारी हैं। इसके अलावा संविदा कर्मचारी भी हैं। अभी तक सरकार के पास कर्मचारियों के सर्विस रिकॉर्ड संबंधी डाटा एक जगह नहीं है। सामान्य प्रशासन विभाग ने एमपी स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के माध्यम से मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली का एक पोर्टल बनवाया है।

## नए ईरानी सुप्रीम लीडर को ढूंढकर मारेंगे : इजराइल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव**

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जंग का आज 19वां दिन है। इजराइल ने कहा है कि वो ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई को ढूंढकर खत्म कर देगा। सेना के प्रवक्ता एफी डेफ्रिन ने कहा कि भले ही उनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन इजराइल उन्हें खत्म करेगा। इससे पहले इजराइल ने ईरान पर बड़ा हमला किया, जिसमें ईरान के सिक्योरिटी चीफ अली लारिजानी और उनके बेटे की मौत हो गई।

### दर्शन करने सांवरिया सेठ जा रहे थे

## उज्जैन में कार-ट्रक की टक्कर भाजपा नेता समेत 3 की मौत



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में तेज रफ्तार स्विफ्ट कार और आयशर ट्रक की टक्कर में भाजपा नेता समेत तीन लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर घायल है। घायल और शव करीब आधे घंटे तक दुर्घटनाग्रस्त कार में ही फंसे रहे। मौके पर इकट्?ठा हुए लोगों ने गेट तोड़कर उनको बाहर निकाला।

हादसा उज्जैन-नागदा रोड पर उन्हेल टोल नाके से 5 किलोमीटर पहले गोयला बुजुर्ग गांव में हुआ। कार में आगे की सीट पर बैठे उज्जैन भाजपा के जीवाजी गंज मंडल उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा उर्फ रिंकू (45) और देवेंद्र जोशी (47) दोनों निवासी अब्दालपुरा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

पीछे बैठे सुरेश नवलानी (55) निवासी संतराम सिंधी कॉलोनी और प्रवेश मारोठिया (33) गंभीर घायल हो गए। बाद में सुरेश नवलानी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। भाजपा नेता शर्मा और उनके साथी कार से राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में सांवरिया सेठ मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए।



# वर्ष प्रतिपदा के स्वागत को लेकर उत्साह






ब्रह्मास्त्र ▸▸ पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन

बाबा महाकाल की पुरातन नगरी में सनातनी नववर्ष को लेकर अपार उत्साह है। वर्ष प्रतिपदा से सनातन नववर्ष की शुरूआत होती है। मालवा की धरती पर साझा संस्कृति की अनुपम झांकी देखने को मिलती है। मराठा शासकों के कारण यहां महाराष्ट्रियन बहुतायत मे निवासरत हैं तो बंगाली लोग भी यहां रहकर अपनी परंपरागत रीति रिवाज का पालन करते नजर आते हैं। कालों के काल महाकाल के मंदिर से नूतनवर्षाभिनंदन प्रारंभ होता है जो पूरे नगर में अपनी अप्रतिम सांस्कृतिक छटा बिखेर देता है।

**ध्वज विजय का सूचक-** भारतीय प्राचीन परंपरा में ध्वज का बहुत महत्व रहा है। पौराणिक ग्रंथों मे कीर्ति पताका का वर्णन देखने को मिलता है अस्तु पताका विजय व कीर्ति का प्रतिनिधित्व करती है इसलिए बाबा महाकाल मंदिर के शिखर पर सनातनी नववर्ष की प्रातःबेला में नवीन ध्वज प्रतिस्थापना की जाती है। बाबा महाकाल की असीम कृपा से अपनी नगरी की कीर्ति चहुंओर फैल ही रहे हैं।

**पं आशीष पुजारी, महाकालेश्वर मंदिर।**

**महंतजी से ध्वज लिया जाता है-** महाकालेश्वर मंदिर की धार्मिक परंपरानुसार शिखर पर जो नवीन ध्वज का आरोहण सनातनी नववर्ष पर किया जाता है वह मंदिर के महंत व महानिर्वाणी अखाड़ा के गादीपति से लिया जाता है और फिर प्रातःकालीन आरती के उपरांत शिखर पर सुशोभित किया जाता है।

**पं. दिनेश पुजारी, महाकाल मंदिर।**

**गुडी इंद्रध्वज की प्रतिकृति-** वर्षप्रतिपदा के पावन दिवस की प्रातः मराठी परिवारों के घर की बालकनी में गुडी टांगने की प्रथा है। इसमें एक दंड के ऊपर तांबे का कलश रखकर नई साड़ी लपेटे कर गुड़िया की आकृति बनाई जाती है। इसको पताशे या फूलों की माला पहनाई जाती है। ये इन्द्रध्वज का परिचायक है जो देवताओं के स्वागत हेतु घर में टांगी जाती है।

**अशोक पोल, दशहरा मैदान।**

**शंख के उद्घोष से स्वागत-** इसी माह बंगला कैलेण्डर अनुसार नव वर्ष पोयला वैशाख आता है। मालवा की माटी में रच बस गया बंगाली समाज भी वर्ष प्रतिपदा को जोरदार ढंग से मनाता है। पं. आनंदशंकर व्यास की प्रेरणा से शिप्रातट पर बंगाली महिलाएं पडवा की सुबह पौ फटने के समय शंख बजाकर सभी देवी देवताओं का आह्वान करती हैं और नगरवासियों की सुख समृद्धि की कामना करती हैं।

**नुपुर मुंशी, आजादनगर।**

**आरोग्यता के लिए नीम - मिश्री**

सनातनी नूतन वर्ष की सुबह भगवान की पूजन उपरांत नीम व मिश्री का सेवन किया जाता है और पूरे वर्ष स्वस्थ बने रहने की कामना ईश्वर से की जाती है। नीम रक्त शोधक है और स्वास्थ्य उत्तम रखता है।

**अमिता मिश्रा, विद्यानगर।**

महाकाल की पावन नगरी में सनातन के नवीन वर्ष के स्वागत को लेकर लोगों में अपार उत्साह व उमंग देखने को मिल रही है। बाजार सजे-धजे हैं तो रौनक भी चरम पर है।

## खबर एक नजर...

### बाइक देने से मना किया तो तोड़फोड़ कर दी धमकी

**उज्जैन।** ग्राम धनड़ा भल्ला में रहने वाले विक्रम पित दुला वाघेला को ग्राम में रहने वाले जितेन्द्र ने अपने घर के सामने रोका और बाइक मांगने लगा। विक्रम ने बाइक देने से मना किया तो जितेन्द्र ने जाति सूचक शब्द कहे और बाइक में तोड़फोड़ कर नुकसान कर दिया। यहीं नहीं बाइक देने से मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। विक्रम ने मामले की शिकायत भैरवगढ़ थाने पहुंचकर की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 324 (4), 296 बी, 351 (3) बीएनएस के साथ एसटी/एससी एक्ट की धारा 3 (1) द, 3 (1) ध में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये है।

### उज्जैन के दोनों एलिवेटेड ब्रिज के लिए 945 करोड़ रुपए से अधिक स्वीकृत

**उज्जैन।** भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार शाम को हुई मंत्री परिषद की बैठक उज्जैन के दो एलिवेटेड ब्रिज के लिए राशि स्वीकृति करने से इनके निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। मंत्री परिषद ने उज्जैन में चिमनगंज मंडी चौराहा से इंदौर गेट तक 4-लेन एलिवेटेड ब्रिज एवं निकास चौराहा से इंदौर गेट तक 2 लेन एलिवेटेड ब्रिज लंबाई 5.32 किमी के निर्माण के लिए 945 करोड़ 20 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी। गौरतलब है कि इनके लिए टेंडर की प्रक्रिया पहले ही पूरी करवाई जा चुकी है। सीएम ने दोनों एलिवेटेड ब्रिज बनाने की घोषणा उज्जैन में ही की थी। लोनिवि ने दोनों मार्ग से मिट्टी के परीक्षण की प्रक्रिया करवाकर डीपीआर तैयार की थी।

### परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र में मॉक इंटरव्यू 7 अप्रैल को

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के लिए सहायक प्राध्यापक परीक्षा- 2024 में चयनित उम्मीदवारों के लिए विषय भूगोल का निःशुल्क मॉक इंटरव्यू (साक्षात्कार) 9 अप्रैल को होगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी का निःशुल्क मॉक इंटरव्यू 7 अप्रैल को कार्यालय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया जाएगा। आवेदन संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र, सांवेर रोड में जमा किए जा सकेंगे।

### शिक्षक का पीपीओ जारी अब भुगतान, पेंशन मिलेगा

**उज्जैन।** सेवानिवृत्ति के डेढ़ माह बाद तक पीपीओ जारी नहीं होने का मामला सामने आते ही अफसरों ने ताबड़तोड़ दूसरे ही दिन यह काम कर दिया। सोमवार को कार्यालय खुलते ही बंद पड़ी फाइलें खोली और सारी कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए शिक्षक का पीपीओ जारी हो गया। शा. सांदीपनि उमावि महाराजवाड़ा क्र. 3 के शिक्षक सोहनलाल पंड्या 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए, लेकिन उनके पीपीओ जारी नहीं हो सके। संकुल, ब्लॉक व जिला कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी काम नहीं हुआ। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक दुबे ने सभी संबंधितों को अवगत कराया।

### गौतम जयंती पर आयोजन, उगते सूर्य को देंगे अर्घ्य

**उज्जैन।** महर्षि गौतम जयंती, गुड़ी पड़वा, वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज फ्रीगंज गौतम न्यास दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करेगा। अलकापुरी स्थित हनुमान मंदिर में पंडित नरेंद्र व्यास के आचार्यत्व में उगते सूरज को अर्घ्य देकर हवन और प्रसादी वितरण होगा। दूसरे दिन इंदौर रोड स्थित एक गार्डन में समाज के कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी विवेक दुबे होंगे। जानकारी राजेंद्र तिवारी ने दी।

# कनाडा में गुरकीरत के अंतिम संस्कार की मांग

## परिजनों ने सीएम को सौंपा पत्र, सीएम बोले-हम केंद्र के माध्यम से कनाडा सरकार के संपर्क में



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को छात्र गुरकीरत सिंह मनोचा के पार्श्वनाथ सिटी स्थित घर पहुंचे। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और छात्र की बॉडी लाने सहित अंतिम संस्कार पर होने वाला पूरा खर्च उठाने का वादा किया। वहीं परिजनों ने मुख्यमंत्री से कनाडा में अंतिम संस्कार करने की मंशा जाहिर की। परिजनों ने सीएम को एक पत्र दिया जिसमें उन्होंने परिवार के दो लोगों का वीजा और कनाडा में अंतिम संस्कार करने की व्यवस्था करने की मांग की है। परिजनों ने मांग की है कि छात्र का एजुकेशन लोन भी माफ किया जाए।

इससे पहले मुख्यमंत्री सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम भारत सरकार के माध्यम से कनाडा सरकार के संपर्क में हैं। मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। ये हमारे राज्य और खासकर हमारे शहर का ही परिवार है। इसलिए यहां से कनाडा जाने, अंतिम संस्कार सहित जैसा भी तय होगा, सरकार मदद करेगी।

**गाड़ी चढ़ाकर हत्या कर दी थी-** गुरकीरत सिंह की 14 मार्च को कनाडा के फोर्ट सेंट जॉन शहर में गाड़ी चढ़ाकर हत्या कर दी गई थी। घटना से पहले 10-12 युवकों ने छात्र की पिटाई की थी। जिसमें छात्र को गंभीर चोटें आई थीं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। छात्र कनाडा के नॉर्दर्न लाइट्स कॉलेज में बिजनेस मैनेजमेंट के पोस्ट डिग्री डिप्लोमा प्रोग्राम की पढ़ाई कर रहा था। परिवार को इस घटना की जानकारी गुरकीरत के दोस्त रायपुर निवासी प्रबकीरत सिंह ने दी थी।

**परिवार ने मांगी थी मदद-** परिजनों के अनुसार कनाडा सरकार ने छात्र की बॉडी देने के लिए करीब 40 हजार डॉलर (लगभग 35 लाख रुपए) जमा कराने को कह दिया है। इतना ही नहीं, जांच प्रक्रिया के चलते अस्पताल से 15 दिन बाद बॉडी दी जाएगी और बॉडी को कनाडा से उज्जैन लाने में करीब 10 लाख रुपए अतिरिक्त खर्च आएगा। गुरकीरत के पिता गुरजीत सिंह ने केंद्र-राज्य सरकार और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई थी।

### कुलगुरु ने 10 लाख और एक ड्रोन मांगा, सीएम ने 51 लाख 5 ड्रोन दिए

मैं भी इसी विश्वविद्यालय से निकला हुआ छात्र हूं। हमने जब डिग्री ली, तब इतने बड़े कार्यक्रम नहीं होते थे। ना राज्यपाल आते थे और ना सीएम। आज विद्यार्थियों को सम्मान से डिग्री-मेडल मिलता है। ये बात मंगलवार को सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल मंगुभाई पटेल कर रहे थे। मुख्यमंत्री मंच से भाषण दे रहे थे, तभी कुलगुरु अर्पण भारद्वाज ने एक पर्ची भेजी। जिसमें विश्वविद्यालय के कार्यों के लिए 10 लाख रुपए और कृषि अध्ययन शाला के लिए एक ड्रोन की मांग थी। मुख्यमंत्री ने पर्ची पढ़ी और कहा इतने से क्या होता है। मैं आपको 51 लाख और पांच ड्रोन देता हूं। इससे पहले राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विश्वविद्यालय के 103 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, 74 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि और 01 विद्यार्थी को डी-लिट की उपाधि प्रदान की। मंच पर सांसद अनिल फिरोजिया, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, कुलगुरु अर्पण भारद्वाज और कुलसचिव अनिल शर्मा मौजूद थे। राज्यपाल और सीएम ने सम्राट विक्रमादित्य की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर ग्रुप फोटो सेशन में भी भाग लिया।

### एक लाख वर्ग फीट पर बनेगा गीता भवन

शिप्रा विहार वाणिज्यिक परिसर के सामने त्रिवेणी विहार योजना स्थल पर 77 करोड़ रुपए की लागत से गीता भवन बनाया जा रहा है, जो एक लाख वर्ग फीट में होगा। इसमें सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सामाजिक गतिविधियां हो सकेंगी। इस परियोजना अंतर्गत गीता भवन परिसर में आडिटोरियम 12700 वर्ग फीट, ई-लाइब्रेरी 3600 वर्ग फीट में निर्माण कार्य किया जाएगा। उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा क्रियान्वित की जा रही नगर विकास योजनाओं एवं सिंहस्थ 2028 के विकास कार्यों के अंतर्गत 662.46 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा।

### 663 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

राज्यपाल के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में उज्जैन में 663 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमि-पूजन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चैत्र नवरात्रि, गुड़ी पड़वा, हिन्दू नववर्ष की पावन बेला में उज्जैन को विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। सिंहस्थ-2028 विकास कार्यों को समर्पित है, जो तय सीमा में पूर्ण होंगे। उज्जैन को 662 करोड़ 46 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी है। आज 77 करोड़ 14 लाख की लागत से गीता भवन की आधारशिला रखी गई है। इसके साथ ही 30 करोड़ 68 लाख की लागत से विक्रम नगर रेलवे ओवर ब्रिज का भूमिपूजन किया गया।

# नवरात्रि में इस बार तीन शताब्दी में बनने वाला संयोग

तिथि के क्षय होने के बावजूद भी 9 दिन की रहेगी नवरात्रि



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर वासंती नवरात्र का आरंभ होता है। इस बार अधिक मास के होने के कारण तिथि के क्षय के दोष एवं शुक्ल पक्षीय वृद्धि के कारण वासंती नवरात्र का आरंभ 19 मार्च गुरुवार के दिन उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र मीन राशि के चंद्रमा की साक्षी में हो रहा है। इस बार नवरात्रि पूर्ण रूप से 9 दिन की होने चलते अलग-अलग नक्षत्र के साथ अलग-अलग प्रकार के योग संयोग बनेंगे।


ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डिब्बेवाला ने बताया कि पंचक के चौथे नक्षत्र में होगा। नवरात्रि का आरंभ यह 5 गुना शुभ फल प्रदान करेगा। नवरात्रि के समय उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र का संचरण रहेगा। यह पंचक का नक्षत्र है। ऐसी मान्यता है कि पंचक का नक्षत्र 5 गुना शुभ फल प्रदान करता है। साधना उपासना एक समय की जाने वाली पांच समय का पुण्य प्रदान करेगी और दूज के दिन शुक्रवार को होने से रेवती नक्षत्र का प्रभाव रहेगा। शुक्ल पक्ष की दूज के साथ में पंचक के पांचवें नक्षत्र का समापन या पूर्णता भी योगकारी तथा सिद्ध देने वाली मानी जाती है।

**तीन शताब्दी में कुल 10 बार बनता है इस प्रकार का योग-** भारतीय ज्योतिष शास्त्र की मान्यता एवं ग्रह गोचर के गणितीय सिद्धांत की दृष्टि से देखे तो नवरात्रि का आरंभ मीन राशि के सूर्य, शनि, शुक्र की युति एवं कुंभ राशि के बुध, मंगल, राहु की त्रिग्रही यूतियों के संयुक्त अवस्था में रहेगा और गुरु से दृष्ट मंगल बुध राहु की युति के परिणाम भी अलग-अलग प्रकार से रहेंगे। ग्रहों के गणित के आधार पर देखें तो इस प्रकार के योग संयोग 300 साल में 8 या 10 बार ही उपलब्ध होते हैं। इस दृष्टि से यह विशिष्ट योग संयोग वाली भी है।

**साधक-उपासक कर सकेंगे प्रकट साधना-** देवी भागवत के अनुसार वर्ष भर में चार नवरात्र आते हैं, जिनमें से दो गुप्त और दो प्रकट होते हैं। गुप्त नवरात्र की श्रेणी में देखें तो आषाढ़ व माघ मास की नवरात्रि गुप्त नवरात्रि होती है। और प्रकट नवरात्रि की श्रेणी में देखे तो चैत्र मास व आश्विन मास को प्रकट नवरात्रि की श्रेणी में रखा गया है।साधक व उपासक के लिए विशिष्ट साधना उपासना की दृष्टि से यह मंगल कारी है इस दृष्टि से गृहस्थों को भी साधना उपासना करनी चाहिए।

उज्जैन
बुधवार
18
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### नाबालिग छात्रा को छेड़ रहा था, मां ने विरोध किया तो जानलेवा हमला किया

**इंदौर।** बाणगंगा क्षेत्र में 13 साल की नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले युवक ने छात्रा और उसकी मां पर जानलेवा हमला कर दिया। छात्रा ने पुलिस को बताया कि सोमवार शाम वह कोचिंग जा रही थी। इसी दौरान आरोपी इमरान ने रास्ते में रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजन को घटना बताई। परिजन ने विरोध किया तो इमरान अपने पिता अनीस खान, मां परवीन और बहन शालू के साथ पीड़िता के घर पहुंच गया। आरोपियों ने मां-बेटी से मारपीट शुरू कर दी। इमरान ने चाकू से छात्रा की मां पर भी हमला किया।

### चलती ट्रेन से कूदने के आरोप के बावजूद रेलवे जिम्मेदार, 9.83 लाख का मुआवजा

**इंदौर।** चलती ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत के मामले में रेलवे कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल सहयात्रियों के बयान या पुलिस की प्रारंभिक थ्योरी के आधार पर मुआवजा देने से रेलवे बच नहीं सकता। मामले में रेलवे दावा अधिकरण भोपाल ने मृतक के परिजन को 9.83 लाख रुपए ब्याज सहित देने के आदेश दिए हैं। इंदौर के उमरीखेड़ा निवासी धर्मेंद्र बघेला 1 जून, 2023 को अपने दोस्तों के साथ तिरुपति से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान महाराष्ट्र के नरखेड़ के पास वे अचानक ट्रेन से गिर गए थे। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। अधिवक्ता अजय पटनी ने क्षतिपूर्ति के लिए याचिका दायर की थी।

### आउटर रिंग रोड पूर्व-पश्चिम में तीन गुना तक बढ़ सकती है गाइड लाइन

**इंदौर।** जिले में प्रॉपर्टी गाइड लाइन बढ़ाने की कवायद अंतिम दौर में है। 2026-कृषि वर्ष होने से इस बार गाइड लाइन का फोकस किसानों पर है। पूर्वी-पश्चिमी आउटर रिंग रोड, ग्रीनफील्ड कॉरिडोर और मांगलिया-बुधनी रेल लाइन वाले किसानों को बढ़ी हुई गाइड लाइन का फायदा मिलेगा। पंजीयन विभाग द्वारा बनाए गए प्रस्ताव में इंदौर कलेक्टर की सलाह के बाद कुछ बदलाव किए जा रहे हैं। इसमें इंदौर से जुड़े चार अहम प्रोजेक्ट हैं। नए संशोधन के मसौदे के बाद अब यहां किसानों को अच्छा फायदा होगा। इन गांवों से जुड़ी गाइड लाइन को सीधे कहीं 50 प्रतिशत तो कहीं 200 प्रतिशत तक बढ़ाया जा रहा है। सिंहस्थ के लिए अहम इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर प्रोजेक्ट में वैसे तो अधिकांश मुआवजा दिया जा चुका है। बावजूद यहां और बढ़ोतरी की जा रही है, ताकि किसानों को बची जमीनों की भी अच्छी कीमत तय हो सके।

### दहशत के वो 5 मिनट,बेटे ने कार भगाकर जान बचाई

**इंदौर।** इंदौर के ऑटोपार्ट्स व्यापारी परिवार के साथ त्र्यंबकेश्वर से लौटते वक्त धामनोद के पास लूट की वारदात हो गई थी। ये घटना 15 तारीख की रात को 11.50 बजे हुई। खलघाट का टोल नाका क्रॉस करने के बाद कार में अचानक दिक्कत आई तो व्यापारी के बेटे ने टोल नाका से करीब 500 मीटर दूर गाड़ी रोकी। बेटा कार को बंद-चालू करके देख ही रहा था कि अचानक 5 से 6 नकाबपोश हथियारबंद बदमाश आ गए और कार के कांच फोड़कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने व्यापारी की पत्नी के गले से सोने की चेन झपट ली। तभी व्यापारी के बेटे ने कार चालू की और वहां से भाग कर अपने आप को बचाया, जिसके बाद वे धामनोद फाटक से कुछ किमी दूर एक पेट्रोल पंप पर रुके और पुलिस को जानकारी दी। अचानक हुई इस घटना ने परिवार के दिलो-दिमाग पर गहरा असर छोड़ दिया है।

# इंदौर में होगी अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक

## डॉ. मोहन भागवत होंगे शामिल, अक्टूबर-नवंबर माह में देश के सभी प्रांतों से 450 कार्यकर्ता आएंगे

ब्रह्मास्त्र » इंदौर

आरएसएस की सबसे महत्वपूर्ण होने वाली अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक इस साल इंदौर में होगी। अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक अक्टूबर-नवंबर माह में आयोजित होगी। इस बैठक में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सहित देश के सभी प्रांतों से 450 कार्यकर्ता आएंगे। बताया जा रहा है कि इस बैठक में शामिल होने संघ प्रमुख मोहन भागवत एक दिन पहले ही इंदौर आ जाएंगे। बैठक में साल 2026-27 की निर्धारित वार्षिक योजना की समीक्षा तथा संघ कार्य के विस्तार का वृत्तांत लिया जाएगा।

इंदौर में मालवा प्रांत के संघचालक डॉ. प्रकाश शास्त्री ने बताया कि यह बहुत सौभाग्य की बात है कि कार्यकारी मंडल की बैठक इंदौर में होने जा रही है और इसमें लगभग साढ़े 400 कार्यकर्ता आएंगे। इस बैठक में प्रांत के कुछ कार्यकर्ता आते हैं। जैसे संघ चालक है, कार्यवाह है, प्रांत प्रचारक है और उसके ऊपर के क्षेत्र के कुछ कार्यकर्ता आएंगे। बताया जा रहा है कि यह बैठक आरएसएस के संगठनात्मक बदलावों, जैसे मालवा प्रांत को इंदौर और उज्जैन संभाग में विभाजित करने (जो अगले साल मार्च तक प्रभावी होगा), और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए महत्वपूर्ण होगी। इंदौर में होने वाली यह बैठक अक्टूबर-नवंबर महीने में अलग-अलग सत्रों में तीन से चार दिन तक चलेगी।





### यह रहेंगे बैठक के संभावित एजेंडे

- संगठनात्मक बदलावों की समीक्षा और क्रियान्वयन।
- शताब्दी वर्ष के बाद की रणनीति।
- वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य पर चर्चा।
- प्रांतों से रिपोर्ट्स और विशेष कार्य।
- आगामी योजनाएं और लक्ष्य।

### जमीनी कार्यों की समीक्षा, 2026 तक पूर्ण प्रखंड कवरेज लक्ष्य

संघ सूत्रों ने बताया की इस बैठक में शताब्दी वर्ष में चलाए गए कार्यक्रमों की गहन समीक्षा होगी। जमीनी स्तर पर सबसे प्रभावी प्रकल्पों की पहचान और कमजोर क्षेत्रों में सुधार पर फोकस रहेगा। 2027 तक हर प्रखंड में सक्रिय शाखा स्थापित करना मुख्य लक्ष्य है। बैठक में सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, ग्राम विकास, परिवार प्रबोधन जैसे मुद्दों पर भी गहन चर्चा होगी। सेवा प्रकल्पों की संख्या बढ़ाने और राष्ट्रीय जीवन में संघ की भूमिका को मजबूत करने की रणनीति बनेगी।

### इसलिए महत्वपूर्ण है यह बैठक

यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि संघ शताब्दी के बाद अगले दशक की दीर्घकालिक योजना पर काम कर रहा है। संगठन विस्तार, सामाजिक एकता और राष्ट्र निर्माण में संघ की भूमिका को मजबूत करने की ठोस रूपरेखा यहीं तैयार होगी।

# 80 की स्पीड से सीएमआरएस ने जांची मेट्रो की रफ्तार

### चार बार मेट्रो को दौड़ाकर ब्रेक स्पीड टेस्ट किया

ब्रह्मास्त्र » इंदौर

इंदौर में मेट्रो संचालन अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) ने शहर के मेट्रो प्रोजेक्ट का महत्वपूर्ण निरीक्षण पूरा कर लिया है। मंगलवार को सीएमआरएस टीम ने मेट्रो को 80 किमी/घंटा की रफ्तार से दौड़ाकर ब्रेक स्पीड टेस्ट सफलतापूर्वक किया। चार बार मेट्रो को दौड़ाकर ब्रेक स्पीड टेस्ट किया गया। इसमें मेट्रो को 80 की स्पीड पर पहुंचाने के बाद रोक कर जांच की गई।

यह प्रक्रिया कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) नीलाभ्र सेनगुप्ता के निरीक्षण की प्रक्रिया का हिस्सा थी। इसके साथ ही सीएमआरएस का निरीक्षण पूरा हो गया। निरीक्षण रिपोर्ट के बाद सीएमआरएस एनओसी जारी करेंगे। ऐसे में संभावना है कि मार्च के आखरी तक शहर में मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू हो जाएगा। सीएमआरएस नीलाभ्र सेनगुप्ता अपने छह सदस्यों के दल के साथ मेट्रो के ग्यारह किमी लंबे रूट का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के तीसरे दिन मंगलवार को मेघदूत, विजयनगर और रेडिसन चौराहे पर बने मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। प्रत्येक स्टेशन पर एक-एक घंटे रुके। इस दौरान निकासी गेट, लिफ्ट, एस्कलेटर, पार्किंग एरिया, स्टेशन रूम, दिव्यांगों के लिए मौजूद सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मेट्रो डिपो में कंट्रोल कमांड सेंटर, सिग्नल सेंटर, डिपो में स्टेब्लिंग यार्ड की रेल लाइन का निरीक्षण किया। सीएमआरएस ने एमआर-10 पर बने इलेक्ट्रिक सब स्टेशन का निरीक्षण भी किया। सभी ग्यारह स्टेशन का निरीक्षण पूरा हो चुका है।



**80 की स्पीड में चेक हुए ब्रेक-** शाम से रात तक दौड़ाई मेट्रो सुपर कॉरिडोर के स्टेशन नंबर-2 से रेडिसन चौराहा तक वायडक्ट पर मेट्रो को 80 किमी प्रतिघंटा की गति से दौड़ाई। स्टेशन निरीक्षण के बाद शाम से रात तक चार बार मेट्रो को दौड़ाया गया और स्पीड ब्रेक टेस्ट किया गया।

**17 किमी पर संचालन जल्द होगा शुरू-** सीएमआरएस द्वारा मेट्रो का चार दिनी निरीक्षण प्रस्तावित था, लेकिन यह कार्य तीन दिन में पूरा कर लिया गया। बुधवार को सीएमआरएस दिल्ली रवाना हो जाएंगे। निरीक्षण के आधार पर सुझावों के साथ निरीक्षण रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके बाद मेट्रो प्रबंधन उनके बताए गए सुझावों को पूरा करके रिपोर्ट भेजेगा। इसके बाद सीएमआरएस द्वारा मेट्रो के 11.5 किलोमीटर हिस्से पर कमर्शियल रन शुरू करने की एनओसी जारी की जाएगी।

# शराब तस्करों ने की वारदात 7 लाख की शराब जब्त

ब्रह्मास्त्र » इंदौर

सांवेर के सिमरोड गांव में सोमवार रात अवैध शराब पकड़ने पहुंची पुलिस टीम पर शराब तस्करों की गैंग ने हमला कर दिया। हमले में सांवेर टीआई जगदीश महोबिया, एसआई आशिक हुसैन और कांस्टेबल मनीष घायल हुए। एसआई हुसैन को 11 टांके आए हैं और कांस्टेबल मनीष को भी गंभीर चोटें लगी हैं। देर रात मुख्य आरोपी तूफान सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्य आरोपी और उसके 8 साथियों पर शासकीय कार्य में बाधा, बलवा और आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया गया। सांवेर पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि सिमरोड गांव में भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री के लिए रखी गई है। रात करीब 12 बजे टीआई मोहबिया अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे और मुखबिर के बताए मकान में दबिश दी। इसी दौरान आरोपी तूफान सिंह चावड़ा अपने साथियों के साथ आ गया। बदमाशों ने टीम पर लोहे की रॉड, लकड़ी और पत्थर से हमला कर दिया। कुछ ही देर में तस्कर फरार हो गए। सूचना पर एसडीओपी फोर्स लेकर पहुंचे हमले की सूचना मिलते ही एसडीओपी सांवेर देवेंद्र कुमार धुर्वे थाना चंद्रावतीगंज, हातोद, क्षिप्रा-मांगलिया से पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे।

### इंदौर में जयस छात्र संगठन का प्रदर्शनः कलेक्टर से मुलाकात नहीं होने पर भड़के छात्र

# ऑफिस में घुसने की कोशिश, पुलिस से धक्का-मुक्की

ब्रह्मास्त्र » इंदौर

छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर जयस छात्र संगठन के साथ छात्र मंगलवार को इंदौर कलेक्टर ऑफिस के बाहर पहुंचे। काफी देर तक वे ज्ञापन देने के लिए कलेक्टर का इंतजार करते रहे, लेकिन जब उनका धैर्य खत्म हो गया तो उन्होंने कलेक्टर ऑफिस में घुसने की कोशिश की, मगर पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान धक्का-मुक्की भी हुई। काफी देर तक कलेक्टर ऑफिस के बाहर यह प्रदर्शन चलता रहा।



मंगलवार को कलेक्टर ऑफिस के बाहर बड़ी संख्या में छात्र जयस छात्र संगठन के बैनर तले पहुंचे। हाथों में मांगों की तख्तियां लिए छात्र कड़ी धूप में कलेक्टर ऑफिस के बाहर बैठ गए। वे काफी देर से कलेक्टर से मिलने का इंतजार कर रहे थे।

लेकिन काफी देर बाद भी जब वे कलेक्टर से नहीं मिल पाए तो उनका धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने कलेक्टर ऑफिस के अंदर घुसने की कोशिश की। पुलिस की बैरिकेडिंग हटाने का भी प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की भी हुई, मगर पुलिस ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया।

जयस प्रदेश अध्यक्ष पवन डावर ने बताया कि टंट्याभील चौराहे से लेकर कलेक्टर ऑफिस तक पैदल मार्च के रूप में यहां आए। जयस छात्र संगठन और जयस संगठन यहां मौजूद है। यहां पूरे प्रदेशभर से स्टूडेंट्स आए हैं।

उनकी मांग थी कि आए दिन स्टूडेंट्स के साथ अत्याचार हो रहा है, शोषण हो रहा है। बैकलॉग के पदों पर कुछ बोल नहीं रहे हैं, पिछले गेट से नौकरी दे रहे हैं। एग्जामों में घोटाला हो रहा है। व्यापम में घोटाला हो रहा है। उन्होंने नेगेटिव मार्किंग बंद कराने, भ्रष्टाचार बंद कराने की मांग की। बेरोजगारों को नौकरी नहीं मिल रही है। इसके साथ ही वे विभिन्न मांगों को लेकर यहां पहुंचे थे।

**एडीएम ने सुनी पदाधिकारियों की बात-** काफी देर चले हंगामें के बाद एडीएम रोशन राय बाहर आए और पदाधिकारियों की बात सुनी। साथ ही उनके द्वारा जो ज्ञापन लाया गया था, उसे भी सुना और उनसे ज्ञापन भी लिया। एडीएम ने उनकी मांगों को लेकर उन्हें आश्वासन दिया। समझाइश के बाद मामला शांत हुआ और स्टूडेंट्स और पदाधिकारी वापस लौटे।

**अब बिनती मम सुनहु सिव जौं मो पर निज नेहु । जाइ बिबाहहु सैलजहि यह मोहिं मागें देहु ॥७६॥**

हे शिवजी! यदि मुझपर आपका स्नेह है तो अब आप मेरी विनती सुनिये। मुझे यह माँगे दीजिये कि आप जाकर पार्वती के साथ विवाह कर लें॥



शिव-पार्वती विवाह@महाशिवरात्रि

# मार्च २०२७

## वसंत ऋतु

## फाल्गुन/चैत्र

### वि.सं. २०८३

शक सं. १९४८
युगाब्द ५१२८

| रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | १<br>फाल्गुन कृष्ण पक्ष<br>नवमी | स्वामी दयानंद जयंती<br>२<br>फाल्गुन कृष्ण पक्ष<br>दशमी | ३<br>फाल्गुन कृष्ण पक्ष<br>एकादशी | विजया एकादशी<br>४<br>फाल्गुन कृष्ण पक्ष<br>एकादशी | प्रदोष व्रत<br>५<br>फाल्गुन कृष्ण पक्ष<br>द्वादशी | महा शिवरात्रि<br>६<br>फाल्गुन कृष्ण पक्ष<br>त्रयोदशी |
| ७<br>फाल्गुन कृष्ण पक्ष<br>चतुर्दशी | ८<br>फाल्गुन कृष्ण पक्ष<br>अमावस्या | ९<br>फाल्गुन शुक्ल पक्ष<br>प्रतिपदा | फुलेरा दूज<br>१०<br>फाल्गुन शुक्ल पक्ष<br>द्वितीया | ११<br>फाल्गुन शुक्ल पक्ष<br>तृतीया | १२<br>फाल्गुन शुक्ल पक्ष<br>चतुर्थी | १३<br>फाल्गुन शुक्ल पक्ष<br>पंचमी |
| १४<br>फाल्गुन शुक्ल पक्ष<br>षष्ठी | मीन संक्रान्ति<br>१५<br>फाल्गुन शुक्ल पक्ष<br>सप्तमी | १६<br>फाल्गुन शुक्ल पक्ष<br>अष्टमी | १७<br>फाल्गुन शुक्ल पक्ष<br>नवमी | आमलकी एकादशी<br>१८<br>फाल्गुन शुक्ल पक्ष<br>एकादशी | १९<br>फाल्गुन शुक्ल पक्ष<br>द्वादशी | प्रदोष व्रत<br>२०<br>फाल्गुन शुक्ल पक्ष<br>त्रयोदशी |
| होलिका दहन<br>२१<br>फाल्गुन शुक्ल पक्ष<br>चतुर्दशी | २२<br>फाल्गुन शुक्ल पक्ष<br>पूर्णिमा | होली, धुलंडी/छारंडी<br>२३<br>चैत्र कृष्ण पक्ष<br>प्रतिपदा | २४<br>चैत्र कृष्ण पक्ष<br>द्वितीया | श्री गणेश चतुर्थी व्रत<br>२५<br>चैत्र कृष्ण पक्ष<br>तृतीया | २६<br>चैत्र कृष्ण पक्ष<br>चतुर्थी | रंग पंचमी<br>२७<br>चैत्र कृष्ण पक्ष<br>पंचमी |
| २८<br>चैत्र कृष्ण पक्ष<br>षष्ठी | २९<br>चैत्र कृष्ण पक्ष<br>सप्तमी | शीतला अष्टमी (बसोड़ा)<br>३०<br>चैत्र कृष्ण पक्ष<br>अष्टमी | ३१<br>चैत्र कृष्ण पक्ष<br>नवमी | | | |

**पञ्चमेऽहनि षष्ठे वा शाकं पचति स्वगृहे । अनृणी चाप्रवासी च स वारिचर मोदते ॥३१३.११५॥**

जो व्यक्ति किसी का ऋणी नहीं है, जो परदेश में नहीं है, वह भले ही पाँचवें या छठे दिन अपने घर में शाक पकाकर खाता हो, फिर भी वह सुखी है॥

यद्यपि कैलेंडर की सामग्री को त्रुटिहीन रखने का यथासंभव प्रयास किया गया है, तथापि किसी भी निर्णय के लिए अपने स्थानीय विशेषज्ञ से संपर्क अवश्य करें।

धर्मक्षेत्र की पहल @9354422798
www.dharmkshetra.com




| रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| *हिंदू चंद्र नव वर्ष, उगादी, गुड़ी पड़वा, चैती चाँद, नवरेह, डॉ. हेडगेवार जयंती | **हिंदू सूर्य नव वर्ष, बिहु, पाना संक्रांति, पोइला बोइशाख, पुथंडु, श्री आर्यभट्ट जयंती | | | प्रथम नवरात्र, विक्रम संवत् २०८३ आरम्भ (प्रातः६:००)* १९ मार्च<br>चैत्र कृष्ण पक्ष/ चैत्र शुक्ल पक्ष<br>अमावस्या/ प्रतिपदा | २० मार्च<br>चैत्र शुक्ल पक्ष<br>द्वितीया | मत्स्यावतार, गणगौर २१ मार्च<br>चैत्र शुक्ल पक्ष<br>तृतीया |
| श्री गणेश चतुर्थी व्रत २२ मार्च<br>चैत्र शुक्ल पक्ष<br>चतुर्थी | २३ मार्च<br>चैत्र शुक्ल पक्ष<br>पंचमी | २४ मार्च<br>चैत्र शुक्ल पक्ष<br>षष्ठी | २५ मार्च<br>चैत्र शुक्ल पक्ष<br>सप्तमी | श्री दुर्गाष्टमी २६ मार्च<br>चैत्र शुक्ल पक्ष<br>अष्टमी | श्रीराम नवमी २७ मार्च<br>चैत्र शुक्ल पक्ष<br>नवमी | २८ मार्च<br>चैत्र शुक्ल पक्ष<br>दशमी |
| कामदा एकादशी २९ मार्च<br>चैत्र शुक्ल पक्ष<br>एकादशी | प्रदोष व्रत ३० मार्च<br>चैत्र शुक्ल पक्ष<br>द्वादशी | श्री महावीर जयंती ३१ मार्च<br>चैत्र शुक्ल पक्ष<br>त्रयोदशी | १ अप्रैल<br>चैत्र शुक्ल पक्ष<br>चतुर्दशी | श्री हनुमान् जन्मोत्सव २ अप्रैल<br>चैत्र शुक्ल पक्ष<br>पूर्णिमा | ३ अप्रैल<br>वैशाख कृष्ण पक्ष<br>प्रतिपदा | ४ अप्रैल<br>वैशाख कृष्ण पक्ष<br>द्वितीया |
| श्री गणेश चतुर्थी व्रत ५<br>वैशाख कृष्ण पक्ष<br>तृतीया | ६<br>वैशाख कृष्ण पक्ष<br>चतुर्थी | ७<br>वैशाख कृष्ण पक्ष<br>पंचमी | ८<br>वैशाख कृष्ण पक्ष<br>षष्ठी | ९<br>वैशाख कृष्ण पक्ष<br>सप्तमी | १०<br>वैशाख कृष्ण पक्ष<br>अष्टमी | ११<br>वैशाख कृष्ण पक्ष<br>नवमी |
| १२<br>वैशाख कृष्ण पक्ष<br>दशमी | वरुथिनी एकादशी, श्री वल्लभाचार्य जयंती १३<br>वैशाख कृष्ण पक्ष<br>एकादशी | मेष संक्रान्ति,** वैशाखी, डॉ. अम्बेडकर जयंती १४<br>वैशाख कृष्ण पक्ष<br>द्वादशी | प्रदोष व्रत १५<br>वैशाख कृष्ण पक्ष<br>त्रयोदशी | १६<br>वैशाख कृष्ण पक्ष<br>चतुर्दशी | १७<br>वैशाख कृष्ण पक्ष<br>अमावस्या | १८<br>वैशाख शुक्ल पक्ष<br>प्रतिपदा |
| श्री परशुराम जयंती १९<br>वैशाख शुक्ल पक्ष<br>द्वितीया | अक्षय तृतीया, श्री गणेश चतुर्थी व्रत २०<br>वैशाख शुक्ल पक्ष<br>तृतीया | आदिगुरु श्री शंकराचार्य जयंती २१<br>वैशाख शुक्ल पक्ष<br>चतुर्थी | श्री रामानुजाचार्य जयंती २२<br>वैशाख शुक्ल पक्ष<br>पंचमी | श्री गंगा सप्तमी २३<br>वैशाख शुक्ल पक्ष<br>सप्तमी | २४<br>वैशाख शुक्ल पक्ष<br>अष्टमी | श्री सीता नवमी २५<br>वैशाख शुक्ल पक्ष<br>नवमी |
| २६<br>वैशाख शुक्ल पक्ष<br>दशमी | मोहिनी एकादशी २७<br>वैशाख शुक्ल पक्ष<br>एकादशी | २८<br>वैशाख शुक्ल पक्ष<br>द्वादशी | प्रदोष व्रत २९<br>वैशाख शुक्ल पक्ष<br>त्रयोदशी | श्री नृसिंह जयंती ३०<br>वैशाख शुक्ल पक्ष<br>चतुर्दशी | सम्पर्क सूत्र @ 9354422798 | |

## चेतना का आधार - अंतःकरण चतुष्टय - मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार।

नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।




# जून २०२६
## ग्रीष्म ऋतु

| रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अधिक मास १<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>प्रतिपदा | अधिक मास २<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>द्वितीया | श्री गणेश चतुर्थी व्रत, अधिक मास ३<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>तृतीया | अधिक मास ४<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>चतुर्थी | अधिक मास ५<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>पंचमी | शिव राज्याभिषेक दिवस, अधिक मास ६<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>षष्ठी |
| अधिक मास ७<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>सप्तमी | अधिक मास ८<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>अष्टमी | अधिक मास ९<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>नवमी | अधिक मास १०<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>दशमी | पुरुषोत्तम एकादशी, राम प्रसाद बिस्मिल जयंती ११<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>एकादशी | प्रदोष व्रत, अधिक मास १२<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>द्वादशी | अधिक मास १३<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>त्रयोदशी |
| अधिक मास १४<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>चतुर्दशी | अधिक मास संपूर्ण, मिथुन संक्रान्ति १५<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>अमावस्या | १६<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>प्रतिपदा | श्री महाराणा प्रताप जयंती १७<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>तृतीया | श्री गणेश चतुर्थी व्रत १८<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>चतुर्थी | १९<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>पंचमी | २०<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>षष्ठी |
| योग दिवस २१<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>सप्तमी | २२<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>अष्टमी | २३<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>नवमी | २४<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>दशमी | निर्जला/भीम सेनी एकादशी २५<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>एकादशी | २६<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>द्वादशी | प्रदोष व्रत २७<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>त्रयोदशी |
| २८<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>चतुर्दशी | पूर्णिमा व्रत २९<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>पूर्णिमा | ३०<br>आषाढ़ कृष्ण पक्ष<br>प्रतिपदा | | | | |

**अष्टांग योग - चित्त की वृत्तियों के निरोध** 'योगसूत्र' - महर्षि पतंजलि

१. यम २. नियम ३. आसन ४. प्राणायाम ५. प्रत्याहार ६. धारणा ७. ध्यान ८. समाधि




DHARMKSHETRA.COM

# दिसंबर २०२६

हेमंत ऋतु

## मार्गशीर्ष/पौष

वि.सं. २०८३

शक सं. १९४८

युगाब्द ५१२८

| रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | श्री कालभैरव जयंती १<br>मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष<br>अष्टमी | २<br>मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष<br>नवमी | ३<br>मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष<br>दशमी | उत्पन्ना एकादशी ४<br>मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष<br>एकादशी | ५<br>मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष<br>द्वादशी |
| प्रदोष व्रत ६<br>मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष<br>त्रयोदशी | बाबा जलिन जयंती ७<br>मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष<br>चतुर्दशी | ८<br>मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष<br>अमावस्या | ९<br>मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष<br>प्रतिपदा | प्रफुल्ल चाकी जयंती १०<br>मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष<br>प्रतिपदा | ११<br>मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष<br>द्वितीया | १२<br>मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष<br>तृतीया |
| श्री गणेश चतुर्थी व्रत १३<br>मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष<br>चतुर्थी | श्री राम सीता विवाह पंचमी १४<br>मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष<br>पंचमी | चम्पा षष्ठी १५<br>मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष<br>षष्ठी | धनु संक्रान्ति १६<br>मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष<br>सप्तमी | १७<br>मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष<br>अष्टमी | १८<br>मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष<br>नवमी | १९<br>मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष<br>दशमी |
| श्री गीता जयंती, मोक्षदा एकादशी २०<br>मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष<br>एकादशी | प्रदोष व्रत २१<br>मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष<br>द्वादशी | २२<br>मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष<br>त्रयोदशी | श्री दत्तात्रेय जयंती २३<br>मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष<br>चतुर्दशी | २४<br>मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष<br>पूर्णिमा | महामना मदन मोहन मालवीय जयंती २५<br>पौष कृष्ण पक्ष<br>द्वितीया | सरदार उधम सिंह जयंती, वीर बाल दिवस २६<br>पौष कृष्ण पक्ष<br>तृतीया |
| श्री गणेश चतुर्थी व्रत २७<br>पौष कृष्ण पक्ष<br>चतुर्थी | २८<br>पौष कृष्ण पक्ष<br>पंचमी | २९<br>पौष कृष्ण पक्ष<br>षष्ठी | ३०<br>पौष कृष्ण पक्ष<br>सप्तमी | ३१<br>पौष कृष्ण पक्ष<br>अष्टमी | | |

**सुखदुःखे समे कृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ। ततो युद्धाय युज्यस्व नैवं पापमवाप्स्यसि॥२.३८॥**

सुख-दुःख, लाभ-हानि और जय-पराजय को समान करके युद्ध के लिये तैयार हो जाओ; इस प्रकार तुमको पाप नहीं होगा।




## सलमान खान की बैटल ऑफ गलवान अब मातृभूमि

### टाइटल बदलने पर डायरेक्टर अपूर्व लाखिया बोले- फैसला अचानक नहीं, लंबे समय से चल रही थी चर्चा

सलमान खान की अपकमिंग वॉर ड्रामा फिल्म बैटल ऑफ गलवान का नाम अब बदलकर मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस कर दिया गया है। फिल्म के टाइटल बदलने की खबर सामने आने के बाद इसे लेकर काफी चर्चा हो रही है। अब फिल्म के डायरेक्टर अपूर्व लाखिया ने इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है और बताया कि यह फैसला अचानक नहीं लिया गया था। हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत के दौरान अपूर्व लाखिया ने कहा कि फिल्म का टाइटल बदलना किसी एक दिन में लिया गया फैसला नहीं था। मेकर्स काफी समय से इस पर विचार कर रहे थे। उनका कहना है कि नया नाम फिल्म के बड़े और व्यापक भाव को बेहतर तरीके से दर्शाता है। फिल्म पहले बैटल ऑफ गलवान नाम से बनाई जा रही थी, जो 2020 में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई गलवान घाटी की झड़प से प्रेरित कहानी पर आधारित है। इस घटना में भारतीय सेना के जवानों ने बेहद कठिन परिस्थितियों में बहादुरी दिखाई थी। इसी घटना को फिल्म की कहानी का आधार बनाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइटल बदलने के पीछे एक वजह यह भी है कि मेकर्स फिल्म को सिर्फ एक घटना तक सीमित नहीं रखना चाहते थे।

# केदारनाथ में सारा अली खान को एफिडेविट से मिलेगी एंट्री

### बीकेटीसी अध्यक्ष बोले-सनातन में आस्था रखने वालों का स्वागत, फोटोग्राफी के लिए तय होगी जगह



उत्तराखंड में बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम में गैर-सनातनियों के प्रवेश को लेकर श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने एक सब-कमेटी गठित कर दी है, जो एक खास एसओपी तैयार कर रही है। इस एसओपी के आधार पर उन लोगों के प्रवेश को वर्जित किया जाएगा जो सनातन धर्म में आस्था नहीं रखते।

इसी दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान को भी केदारनाथ में एंट्री नहीं मिलेगी? तो इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा- केदारनाथ में एंट्री के लिए सारा अली खान को पहले एफिडेविट देकर यह बताना होगा कि उनकी सनातन धर्म में आस्था है। वहीं, इस मामले पर कांग्रेस प्रवक्ता सुजाता पॉल ने कहा कि उत्तराखंड जैसा राज्य, जो महिलाओं के बलिदान से बना है, वहां किसी भी श्रद्धालु की आस्था पर सवाल उठाना उचित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सामाजिक विभाजन की राजनीति में असफल होने के बाद अब धार्मिक आस्था के मुद्दों को उठा रही है।

#### सारा अली खान कई बार पहुंच चुकी हैं केदारनाथ

सारा अली खान फिल्म ह्यकेदारनाथह्न बनने के बाद कई बार धाम में दर्शन करने आ चुकी हैं। अब तक उन्होंने बिना किसी रोक-टोक के मंदिर में दर्शन किए हैं। हालांकि नई व्यवस्था लागू होने के बाद उन्हें भी उसी प्रक्रिया का पालन करना होगा जो अन्य श्रद्धालुओं पर लागू होगी।

#### कांग्रेस प्रवक्ता बोलीं- क्या सब पर नियम लागू होगा

सुजाता पॉल ने अंकिता भंडारी हत्याकांड का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा पहले से ही एक बड़ा मुद्दा है, ऐसे में इस तरह के विवाद खड़े करना चिंता का विषय है। सुजाता पॉल ने यह भी सवाल उठाया कि यदि किसी श्रद्धालु से शपथ पत्र मांगा जा रहा है, तो क्या यह नियम सभी पर समान रूप से लागू होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि विभिन्न धर्मों से जुड़े राजनीतिक या सार्वजनिक जीवन के लोग चारधाम यात्रा करना चाहें, तो क्या उनसे भी इसी प्रकार के दस्तावेज मांगे जाएंगे।







## इश्कबाज फेम एक्ट्रेस नवनींद्र बहल का निधन

### 76 साल की उम्र में ली आखिरी सांस, क्वीन और माचिस जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं

टीवी सीरियल 'इश्कबाज' में दादी का रोल निभाकर फेमस हुईं एक्ट्रेस नवनींद्र बहल का निधन हो गया है। वो 76 साल की थीं। नवनींद्र ने टीवी शोज के अलावा कई बड़ी बॉलीवुड फिल्मों में भी अहम किरदार निभाए थे। उनके बेटे और फिल्ममेकर कानू बहल ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट लिखकर इस खबर की पुष्टि की है।

**बेटे ने लिखा- मेरी मार्गदर्शक और गुरु अलविदा-** एक्ट्रेस के बेटे कानू बहल ने अपनी मां की एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कानू ने लिखा, श्मेरी टाइटन, मेरा विश्वास, मेरा प्यार, मेरी मार्गदर्शक, मेरी गुरु, मेरा दिल। अलविदा मां, जब तक तुम मुझे दोबारा जन्म न दो। मेरी आंखें हमेशा तुम्हारी उस मुस्कान और प्यारी हंसी को याद करेंगी। मेरी आत्मा को रोशन करने के लिए शुक्रिया।श कानू के इस पोस्ट पर अनुराग कश्यप सहित इंडस्ट्री के कई लोगों ने दुख जताया है।

**3 साल की उम्र में शुरू की थी एक्टिंग-** सफर नवनींद्र बहल का कला और थिएटर से बहुत पुराना नाता था। उन्होंने महज 3 साल की उम्र में पहली बार स्टेज पर परफॉर्म किया था। पंजाब से ताल्लुक रखने वाली नवनींद्र ने लंबे समय तक थिएटर की दुनिया में काम किया और बाद में सिनेमा और टीवी का रुख किया। उनकी सादगी और मंझे हुए अभिनय की वजह से उन्हें हमेशा चुनौतीपूर्ण रोल मिलते रहे।

**'क्वीन' और 'माचिस' जैसी फिल्मों में दिखीं-** नवनींद्र के फिल्मी करियर की बात करें तो उन्होंने गुलजार की फिल्म 'माचिस' से अपनी पहचान बनाई थी। इसके बाद वो दिबाकर बनर्जी की फिल्म 'ओए लकी, लकी ओ' और कंगना रनौत स्टारर 'क्वीन' में भी नजर आईं। सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, उन्होंने 'द प्राइड' और 'द गुरु' जैसे इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स में भी काम किया था। टीवी पर उन्होंने 'इश्कबाज' और 'दिल बोले ओबेरॉय' में नकुल मेहता की दादी का रोल निभाया, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया।

# एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस बोलीं- हमें सनातन धर्म बहुत पसंद

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस रविवार को काशी पहुंचीं। यहां उन्होंने अपने पिता एलरॉय फर्नांडीज के साथ मां की अस्थियां गंगा में विधि-विधान के साथ विसर्जित कीं। इस दौरान जैकलीन ने कहा- हमें सनातन धर्म बहुत पसंद है। इसलिए हम अपनी मां की अस्थियां लेकर काशी आए हैं। काशी में गंगा के पवित्र जल में अस्थि विसर्जन करना हमारी मां को श्रद्धांजलि देने का एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक निर्णय है।

जैकलीन की यह यात्रा पूरी तरह प्राइवेट रही। वह करीब डेढ़ घंटे तक वाराणसी में रुकीं। बता दें, जैकलीन फर्नांडिस की मां किम फर्नांडिस का 6 अप्रैल, 2025 को निधन हो गया था। चेहरा ढंककर ताज होटल से घाट पहुंचीं जैकलीन जैकलीन फर्नांडिस ताज होटल से सीधे मणिकर्णिका घाट पहुंचीं। उन्होंने पहचान छिपाने के लिए अपने चेहरे को कपड़े से ढक रखा था। जिससे वह आम श्रद्धालुओं की तरह पूजा-अर्चना कर सकें। जैकलीन अपने पिता के साथ नाव से गंगा के बीच पहुंचीं। यहां काशी विश्वनाथ मंदिर के



**काशी में मां की अस्थियां गंगा में विसर्जित कीं, घाट पर हाथ जोड़े बैठी रहीं**

सामने गंगा नदी में उन्होंने मां की अस्थियों का विसर्जन किया। यह धार्मिक अनुष्ठान वाराणसी के आचार्य विकास पांडेय के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। अनुष्ठान पूरा होने के तुरंत बाद जैकलीन मुंबई लौट गईं। 2022 में किम फर्नांडिस को पड़ा था हार्ट स्ट्रोक जैकलीन की मां किम फर्नांडिस को साल- 2022 में हार्ट स्ट्रोक पड़ा था। इसके बाद उनका बहरीन में इलाज कराया गया था। किम फर्नांडिस बहरीन की राजधानी मनामा में रहती थीं। वहीं, जैकलीन अपने काम के सिलसिले में भारत में रहती हैं।



एक इंटरव्यू में जैकलीन ने अपनी मां के बारे में कहा था- अगर मेरा पिता से कभी टकराव होता था, तो मेरी मां ही बात को संभालती थीं। मेरी मां का कम्युनिकेशन स्किल बेहद शानदार था। अक्सर उनकी ही बात मानी जाती थी। जैकलीन ने यह भी कहा था कि अगर वह अपनी मां पर कभी किताब लिखेंगी तो उसका टाइटल थ्रू हर आईज रखेंगी। उनकी मां को भारतीय कुर्तियां बहुत पसंद थीं। इसीलिए जैकलीन अक्सर भारत से उनके लिए कुर्तियां लेकर जाती थीं। 13 दिन आईसीयू में रहीं किम, 6 अप्रैल, 2025 को हुआ निधन 24 मार्च को जैकलीन फर्नांडिस की मां किम फर्नांडिस को हार्ट स्ट्रोक आया था। इसके बाद उन्हें इमरजेंसी में मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में उनकी हालत लगातार गंभीर बनी रही। उन्हें आईसीयू में रखा गया था। करीब 13 दिन तक इलाज चला। इसके बाद 6 अप्रैल, 2025 को उनका निधन हो गया। एयर होस्टेस रह चुकी थीं किम फर्नांडिस जैकलीन की मां किम फर्नांडिस मलेशिया की नागरिक थीं। वे पेशे से एयर होस्टेस रह चुकी थीं। उन्होंने श्रीलंकाई बिजनेसमैन एलरॉय फर्नांडिस से शादी की थी। किम और एलरॉय फर्नांडिस के 4 बच्चे हैं। इनमें जैकलीन फर्नांडिस भी शामिल हैं।



### कुलदीप यादव की दुल्हन के साथ विंटेज कार से एंट्री, रिसेप्शन में गंभीर-धवन, जडेजा भी पहुंचे

# सीएम योगी के पैर छुए, अखिलेश ने गले लगाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ







भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने शादी के बाद मंगलवार को लखनऊ के फाइव स्टार होटल द सेंट्रम में रिसेप्शन पार्टी दी। कुलदीप अपनी दुल्हन वंशिका के साथ ट्रेडिशनल लुक में नजर आए।

कुलदीप ने ब्लैक कलर का प्रिंस सूट तो वंशिका ने क्रीम कलर की साड़ी पहनी। जिस पर रेड स्टोन का वर्क था। जोड़ी बेहद खूबसूरत और शाही लग रही थी। होटल में फूलों की वर्षा के साथ इस जोड़े का जोरदार अभिनंदन किया गया।

रिसेप्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ, यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, पूर्व उट अखिलेश यादव, कांग्रेस सांसद और बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला समेत कई सियासी हस्तियां पहुंचीं थीं। कुलदीप ने सीएम योगी के 2 बार पैर छुए। अखिलेश ने कुलदीप को गले लगाकर दांपत्य जीवन की बधाई दी।

रिसेप्शन में टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर, क्रिकेटर शिखर धवन और रविंद्र जडेजा पत्नी के साथ आए थे। कुलदीप ने 14 मार्च को बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी की थी। उत्तराखंड के मसूरी में परिवार और करीबी लोगों की मौजूदगी में शादी हुई थी।

1960 की विंटेज रोल्स-रॉयस से शाही अंदाज में एंट्री ली रिसेप्शन में सबसे खास मोमेंट कुलदीप और वंशिका की एंट्री रही। कुलदीप अपनी दुल्हन वंशिका के साथ रोल्स-रॉयस विंटेज कार में सवार होकर होटल द सेंट्रम पहुंचे। 1960 मॉडल की यह कार दिल्ली से मंगवाई गई थी।

कुलदीप और वंशिका बचपन के दोस्त हैं। कुलदीप यादव का पैतृक घर कानपुर के लाल बंगला इलाके में है, जबकि वंशिका सिंह का परिवार वहां से लगभग तीन किलोमीटर दूर श्याम नगर इलाके में रहता है। वंशिका ने ऑस्ट्रेलिया से पढ़ाई की है। उनकी मां मां वंदना सिंह ऑस्ट्रेलिया में कॉर्पोरेट सेक्टर से जुड़ी हैं। पिता अवनिंद्र सिंह भारतीय जीवन बीमा निगम में कानपुर के जोनल कार्यालय में कार्यरत हैं।

कुलदीप ने दौड़कर सीएम योगी के पैर छुए यूपी के उट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रिसेप्शन में पहुंचे थे। कुलदीप ने अपना संस्कार दिखाते हुए दौड़कर योगी के पैर छुए और उनका आशीर्वाद लिया, जबकि वंशिका ने हाथ जोड़कर नमस्ते किया।

सीएम ने बुके भेंट कर नवदंपती को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। योगी कुलदीप और वंशिका के लिए अलग-अलग गिफ्ट लेकर गए थे। योगी ने वहां एक छोटे से बच्चे के साथ थोड़ी सी मस्ती की, जिसने सभी का मुस्कुराने पर मजबूर कर दिया। योगी ने बच्चे को एक चॉकलेट दी।

अखिलेश ने कुलदीप को गले लगाया, वंशिका ने पैर छूकर आशीर्वाद लिया सीएम योगी के जाने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव रिसेप्शन में पहुंचे। कुलदीप यादव जैसे ही पैर छूने के लिए झुके, अखिलेश ने उन्हें पकड़ लिया और गले लगाकर बधाई दी। दुल्हन वंशिका ने अखिलेश के पैर छुए। सपा प्रमुख ने दोनों बुके और गिफ्ट दिए।

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी मंच पर पहुंचकर कुलदीप को गले लगाया। क्रिकेट की दुनिया से रविंद्र जडेजा और शिखर धवन इस कार्यक्रम में सपरिवार शामिल हुए। धवन और जडेजा पत्नी के साथ पहुंचे थे। स्टेज पर कुलदी-वंशिका के बीच उनकी जबरदस्त बॉन्डिंग दिखी। इसके अलावा यशस्वी जायसवाल जैसे क्रिकेट सितारों के शामिल होने से समारोह को चार चांद लग गए।

टी20 वर्ल्ड कप-2026 जीतने के बाद शादी के बंधन में बंधे कुलदीप हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप-2026 जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। 8 मार्च को भारतीय टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड को मात देकर तीसरी बार ये खिताब जीता था। इस खिताबी जीत के बाद ही कुलदीप शादी के बंधन में बंधे हैं। 14 मार्च को उत्तराखंड के खूबसूरत हिल स्टेशन मसूरी में अपनी मंगेतर वंशिका से शादी की। यह शादी 'वेलकमहोटल द सवॉय' में हुई। शादी में मौजूद कई क्रिकेट हस्तियों में चहल भी शामिल थे।

# केकेआर के हर्षित राणा आईपीएल 2026 से बाहर



### पथिराना भी चोटिल, टीम दोनों का रिप्लेसमेंट नहीं लेगी, रहमान की जगह मुजरबानी को चुना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जोहान्सबर्ग

कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज हर्षित राणा आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं। वे एक दिन पहले 15 मार्च को दिल्ली में बीसीसीआई के नमन अवॉर्ड में छड़ी के सहारे चलते नजर आए थे। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज ने लिखा कि हर्षित इस सीजन में नहीं खेलेंगे। उनके अलावा, श्रीलंका के मथीश पथिराना भी चोटिल हैं। दोनों गेंदबाज टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान अपनी-अपनी टीम से खेलते हुए चोटिल हुए थे। केकेआर ने दोनों गेंदबाजों के रिप्लेसमेंट नहीं लेने का फैसला किया है। मैनेजमेंट का मानना है कि टीम के पास पहले से पर्याप्त तेज गेंदबाजी विकल्प मौजूद हैं। इसमें वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, कार्तिक त्यागी और आकाश दीप शामिल हैं।

**प्रैक्टिस मैच में चोट लगी-** हर्षित राणा घुटने की चोट के कारण भारत की टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए थे। उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में चोट लगी थी। इसके बाद उनकी सर्जरी हुई। उन्हें पूरी तरह फिट होने में समय लगेगा। राणा ने आईपीएल 2024 में 19 और 2025 में 15 विकेट लिए थे।

**केकेआर को पथिराना के फिट होने की उम्मीद-** श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना भी चोट के कारण फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि केकेआर उन्हें रिप्लेस नहीं करना चाहती क्योंकि फ्रेंचाइजी को उम्मीद है कि वे आईपीएल के दौरान किसी समय टीम से जुड़ सकते हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









केंद्र सरकार ने दी बड़ी राहत

# 29 राज्यों में फिर शुरू हुई कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में चल रहे भारी तनाव के बीच भारत में गैस की किल्लत को लेकर मचा हाहाकार अब थमने लगा है। बीते दिनों जंग के हालातों के बीच कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति रोके जाने से देश भर में भारी अफरातफरी मच गई थी। लेकिन अब सरकार ने इस संकट से निपटने के लिए बड़ा कदम उठाया है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर देशवासियों को एक बड़ी राहत दी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकारों से विस्तृत बातचीत के बाद अब देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई फिर से शुरू कर दी गई है। इन राज्यों में उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से सिलेंडर मिलने भी शुरू हो गए हैं।

पेट्रोल-डीजल और गैस का पर्याप्त भंडार, घबराएं नहीं

गैस की कमी की अफवाहों को सिरे से खारिज करते हुए संयुक्त सचिव ने स्पष्ट किया कि देश में गैस, क्रूड ऑयल और रिफाइनरी की कोई किल्लत नहीं है। भारत के पास अपनी जरूरत के हिसाब से पेट्रोल-डीजल और गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने बताया कि स्थिति भले ही गंभीर बनी हुई है, लेकिन सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। सबसे बड़ी समस्या लोगों द्वारा की जा रही पैनिक बुकिंग है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे पैनिक बुकिंग से बचें और अनावश्यक रूप से डीलरों के पास जाकर भीड़ का हिस्सा न बनें।

जेन-जी 2030 तक भारत की 27 फीसदी आबादी का हिस्सा होगी

# 108 लाख करोड़ खर्च करेंगे युवा, इन क्षेत्रों में होगा फोकस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जेन जी से जुड़ी एक अहम रिपोर्ट सामने आई है। जिसमें आने वाले वर्षों में उनकी देश के अर्थव्यवस्था में भागीदारी और प्रतिनिधत्व को लेकर कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। जेन-जी 2030 तक भारत की 27 फीसदी आबादी का हिस्सा होगी। इस दौरान यह पीढ़ी 1.3 खरब डॉलर के उपभोग को नियंत्रित करेगी। यह बात देश की अग्रणी मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स की एक रिपोर्ट में कही गई है। जेन-जी उपभोक्ता बाजारों को नया आकार दे रही है। उनका ध्यान अनुभव, स्थिरता और डिजिटल सुविधा पर केंद्रित है। कंपनियां अब खास तौर पर इसी पीढ़ी के उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर अपने उत्पाद बनाएंगी।

**ब्रांड नहीं, व्यक्तित्व से मेल खाने वाले उत्पादों को तरजीह-** जेन जीः रुझानों को परिभाषित करना, खर्चों पर असर डालना शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार यह पीढ़ी समावेशिता, आत्म-अभिव्यक्ति और वास्तविकता को ज्यादा महत्व देती है। ये पीढ़ी अलग सोच रखती है। जेन जी को सिर्फ पारंपरिक ब्रांड पहचान के बजाय ऐसे उत्पाद पसंद करते हैं जो उनकी व्यक्तिगत सोच और जीवनशैली से मेल खाते हों, जिनसे वे सुंदर दिखें, उन्हें नया अनुभव दें और सुविधाजनक हों, खासकर डिजिटल तरीके से मिलने वाले। यह पीढ़ी किसी एक ब्रांड से ज्यादा जुड़ी नहीं रहती। वे अपनी जरूरत के अनुसार समाधान देने वाले उत्पाद चुनते हैं और लगातार नए विकल्प आजमाते हैं।

**सौंदर्य उत्पादों पर जमकर खर्च करेंगे युवा-** इस पीढ़ी के लोग अपनी त्वचा, बाल और शरीर की देखभाल पर ज्यादा ध्यान देते हैं। जेन जी की हर दो में से एक लड़की अपनी आय का 20 फीसदी से ज्यादा सौंदर्य उत्पादों पर खर्च करती है। उनके पास त्वचा, बाल और शरीर की देखभाल के लिए अलग-अलग रूटीन होते हैं और वे पहले की तुलना में दोगुने उत्पाद इस्तेमाल कर रही हैं। 2030 तक इस पीढ़ी का ब्यूटी और पर्सनल केयर बाजार में लगभग 19 अरब डॉलर का हिस्सा होगा।



## दिखेगा नया ब्यूटी ट्रेंड

जेन जी में ब्यूटी ट्रेंड जेंडर-न्यूट्रल यानी लिंग-भेद रहित हो रहे हैं। कई युवा पुरुष भी मेकअप और स्किनकेयर अपनाने लगे हैं। पिछले पांच वर्षों में पुरुषों की त्वचा देखभाल दिनचर्या ऑनलाइन खोज 850 फीसदी बढ़ गई है। इसके साथ ही पुरुषों में कॉस्मेटोलॉजी सेवाओं जैसे एक्ने छुपाना, फिलर्स, हेयर रिमूवल और आइब्रो ग्रूमिंग का चलन भी बढ़ रहा है।

2030 तक फैशन इंडस्ट्री (कपड़े, फुटवियर और एक्सेसरीज) का लगभग आधा हिस्सा पर जेन जी का असर होगा। जेन जी फैशन में बहुत सक्रिय है, खासकर ऑनलाइन खरीदारी में, लेकिन वे आम तौर पर 1000 रुपये से कम कीमत वाले कपड़े और फैशन आइटम खरीदना पसंद करते हैं, इसलिए उन्हें फास्ट फैशन ज्यादा पसंद है। हालांकि फैशन ई-कॉमर्स साइटों पर सबसे ज्यादा यूजर जेन जी हैं, लेकिन लेकिन हर खरीदारी पर उनका औसत खर्च पुराने ग्रुप (मिलेनियल्स 1981 से 1996 में जन्मीं पीढ़ी ) के मुकाबले लगभग आधा है।

## फिटनेस पर बढ़ेगा फोकस

जेन जी में फिटनेस का रुझान भी तेज है। लगभग एक-तिहाई युवा अपनी आमदनी का 20 फीसदी तक फिटनेस और खेलों पर खर्च करते हैं। एथलीजर कपड़ों की बिक्री हर साल दोगुनी हो रही है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सस्ते स्पोर्ट्सवियर की वजह से यह ट्रेंड बढ़ा है और शीर्ष 10 स्पोर्ट्स शू ब्रांडों में से छह की कीमत 500 -1000 रुपये के बीच है।

**खाने-पीने पर जमकर लुटाएंगे पैसे-** फिटनेस के साथ स्वस्थ भोजन का चलन भी बढ़ रहा है। नियमित व्यायाम करने वाले 40 फीसदी जेन जी युवा वैकल्पिक प्रोटीन स्त्रोतों को पसंद करते हैं। 2024 से 2025 के बीच क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर प्रोटीन सप्लीमेंट्स की लिस्टिंग 230 फीसदी बढ़ी, जो संतुलित पोषण की बढ़ती मांग दिखाती है।

रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक जेन जी फिटनेस और स्पोर्ट्स सेक्टर में लगभग 40 बिलियन डॉलर का खर्च करेगी, जिससे यह क्षेत्र भारत की लाइफस्टाइल अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाएगा। भारत 2030 तक जेन जी सबसे बड़ा और सबसे प्रभावशाली ग्राहक समूह बन जाएगा। ये ब्यूटी, फैशन, फिटनेस, हेल्दी फूड और डिजिटल खरीदारी जैसे क्षेत्रों में बाजार की दिशा तय करेंगे।

डॉलर के मुकाबले रुपया

# 92.40 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जानिए क्यों अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 92.40 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों, विदेशी फंड की निकासी और होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने की उम्मीदों का भारतीय मुद्रा पर असर समझें। विस्तृत रिपोर्ट अभी पढ़ें।

भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और वैश्विक ऊर्जा बाजार में जारी उथल-पुथल का सीधा असर भारतीय मुद्रा पर देखने को मिला है। सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे कमजोर होकर 92.40 (अस्थायी) के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल और विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार की जा रही फंड निकासी ने रुपये पर यह भारी दबाव बनाया है। यह स्थिति मुद्रा बाजार में बढ़ती अस्थिरता और वैश्विक व्यापारिक चिंताओं को स्पष्ट रूप से दशार्ती है।

मुद्रा बाजार के ताजा आंकड़ों के अनुसार, सोमवार के कारोबारी सत्र में रुपये ने ऐतिहासिक गोता लगाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में स्थानीय मुद्रा की शुरूआत ही कमजोरी के साथ 92.44 के स्तर पर हुई। दिन के कारोबार के दौरान, डॉलर के मुकाबले रुपये ने 92.47 के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर को छू लिया। कारोबारी सत्र के अंत में, रुपया अपने पिछले बंद भाव से 10 पैसे का नुकसान दर्ज करते हुए 92.40 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

रुपये की इस ऐतिहासिक गिरावट के पीछे मुख्य रूप से दो बड़े अंतरराष्ट्रीय कारक काम कर रहे हैं:

**कच्चे तेल की कीमतों में उछाल:** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे भारत का आयात बिल प्रभावित होने की आशंका है और डॉलर की मांग में भारी इजाफा हुआ है।

फरवरी में थोक महंगाई दर बढ़कर 2.13 फीसदी हुई

# खाद्य और विनिर्माण वस्तुओं के दाम बढ़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

फरवरी 2026 में थोक महंगाई बढ़कर 2.13 फीसदी हो गई, जो लगातार चौथा महीना है जब इसमें बढ़ोतरी दर्ज हुई। खाद्य और गैर-खाद्य वस्तुओं, विनिर्माण और धातु उत्पादों की कीमतें बढ़ने से महंगाई ऊपर गई। आइए विस्तार से जानते हैं।

देश में थोक महंगाई दर फरवरी 2026 में बढ़कर 2.13 प्रतिशत हो गई है। यह लगातार चौथा महीना है जब थोक मूल्य सूचकांक (हढक) आधारित महंगाई में इजाफा दर्ज किया गया है। इससे पहले जनवरी में यह दर 1.81 प्रतिशत थी, जबकि फरवरी 2025 में यह 2.45 प्रतिशत रही थी। सरकार द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी इसका प्रमुख कारण रही।

विनिर्मित उत्पादों के मोर्चे पर भी महंगाई में हल्की बढ़ोतरी हुई। फरवरी में इस श्रेणी की थोक महंगाई 2.92 प्रतिशत रही, जो जनवरी में 2.86 प्रतिशत थी। वहीं गैर-खाद्य वस्तुओं की महंगाई 7.58 प्रतिशत से बढ़कर 8.80 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो इस बात का संकेत है कि कच्चे माल और अन्य जरूरी औद्योगिक वस्तुओं की कीमतों में दबाव बना हुआ है।



दूसरी ओर, ईंधन और बिजली श्रेणी में गिरावट यानी डिफ्लेशन का दौर जारी रहा। फरवरी में इस श्रेणी में महंगाई दर माइनस 3.78 प्रतिशत रही, जबकि जनवरी में यह माइनस 4.01 प्रतिशत थी। इसका मतलब है कि इस क्षेत्र में कीमतें अभी भी पिछले साल के मुकाबले नीचे बनी हुई हैं, हालांकि गिरावट की रफ्तार थोड़ी कम हुई है।

**खुदरा महंगाई भी बढ़कर 3.2% हुई -** इस बीच, खुदरा महंगाई भी फरवरी में बढ़कर 3.2 प्रतिशत हो गई, जो जनवरी में 2.75 प्रतिशत थी। खुदरा महंगाई के ये आंकड़े पिछले सप्ताह जारी किए गए थे। भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरों पर फैसला लेते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई को आधार मानता है। चालू वित्त वर्ष में महंगाई के अपेक्षाकृत निचले स्तर पर बने रहने के बीच फ्ङक अब तक 1.25 प्रतिशत अंक की कटौती कर चुका है।

## महंगाई बढ़ने की वजह

उद्योग मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि फरवरी 2026 में महंगाई की सकारात्मक दर मुख्य रूप से अन्य विनिर्माण, बेसिक मेटल, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य वस्तुओं और वस्त्रों की कीमतों में वृद्धि की वजह से रही। यानी थोक बाजार में कई जरूरी श्रेणियों में कीमतों का दबाव बना रहा, जिससे महंगाई दर ऊपर गई।

## क्या कहते हैं आंकड़े?

आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य वस्तुओं में महंगाई जनवरी के 1.55 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी में 2.19 प्रतिशत हो गई। हालांकि सब्जियों की महंगाई में कुछ राहत देखने को मिली। फरवरी में सब्जियों की महंगाई 4.73 प्रतिशत रही, जो जनवरी में 6.78 प्रतिशत थी। इसके बावजूद दाल, आलू और अंडा, मांस व मछली जैसी वस्तुओं की कीमतों में पिछले महीने के मुकाबले अधिक तेजी दर्ज की गई।

फास्टटैग एनुअल पास की फीस में बदलाव किया

# वाहन मालिकों को पहले की तुलना में थोड़ा ज्यादा पेमेंट करना होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए फास्टटैग एनुअल पास की फीस में बदलाव किया है। अब इस पास के लिए वाहन मालिकों को पहले की तुलना में थोड़ा ज्यादा पेमेंट करना होगा।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार फास्टटैग एनुअल पास की फीस 3,000 रुपये से बढ़ाकर 3,075 रुपये कर दी गई है। नई दर 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी। यह पास प्राइवेट कार, जीप और वैन जैसे नॉन-कमर्शियल वाहनों के लिए लागू होता है। मंत्रालय ने बताया कि फीस में यह बदलाव नेशनल हाईवे फीस (दरों का निर्धारण और संग्रह) नियम, 2008 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है।

**देश भर के 1150 से ज्यादा टोल प्लाजा पर मान्य-** देश के करीब 1150 टोल प्लाजा पर यह पास का इस्तेमाल किया जा सकता है, जो राष्ट्रीय हाईवे और एक्सप्रेसवे पर हैं। इस पास की खासियत यह है कि ज्यादा टोल प्लाजा को बार-बार रिचार्ज नहीं करना पड़ता। एक बार पेमेंट करने पर यह पास एक साल या 200 टोल क्रॉसिंग (जो पहले हो) तक मान्य रहता है।

**ऐसे पास खरीद सकते हैं-** यूजर्स इस पास को राजमार्ग यात्रा ऐप या एनएचएआई की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए खरीद या रिन्यू कर सकते हैं। पेमेंट करने के बाद पास करीब दो घंटे के अंदर गाड़ियों के मौजूदा फास्टटैग पर एक्टिव हो जाता है। फास्टटैग एनुअल पास लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहा है। देशभर में करीब 50 लाख से ज्यादा वाहन मालिक इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अब तक देश में करीब 11.86 करोड़ जारी किए जा चुके हैं। इनमें से लगभग 5.9 करोड़ फास्टटैग अभी सक्रिय हैं, जिनका इस्तेमाल देशभर के टोल प्लाजा पर इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के लिए किया जा रहा है।

**सुखार्थाः सर्वभूतानां मताः सर्वाः प्रवृत्तयः।**
**सुखं च न विना धर्मात्तस्माद्धर्मपरो भवेत्॥**

सभी प्राणियों की किसी भी कार्य को करने की प्रवृत्ति आत्म-सुख की प्राप्ति के लिए होती है। धर्म के बिना सुख नहीं मिलता, अतः मनुष्य को धर्मपरायण होना चाहिए।



श्री शनि देव

## मई २०२६

ग्रीष्म ऋतु

## वैशाख/ज्येष्ठ


वि.सं. २०८३
शक सं. १९४८
युगाब्द ५१२८

| रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ३१ मई<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>पूर्णिमा | | | | | बुद्ध पूर्णिमा, श्री कूर्म जयंती<br>१<br>वैशाख शुक्ल पक्ष<br>पूर्णिमा | श्री नारद जयंती<br>२<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>प्रतिपदा |
| ३<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>द्वितीया | ४<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>तृतीया | श्री गणेश चतुर्थी व्रत<br>५<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>चतुर्थी | ६<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>चतुर्थी | ७<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>पंचमी | ८<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>षष्ठी | ९<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>सप्तमी |
| १०<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>अष्टमी | ११<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>नवमी | १२<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>दशमी | अपरा/अचला एकादशी<br>१३<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>एकादशी | प्रदोष व्रत<br>१४<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>द्वादशी | वृष संक्रान्ति<br>१५<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>त्रयोदशी | वट सावित्री व्रत श्री शनि जयंती, भौमवती अमावस्या<br>१६<br>ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष<br>अमावस्या |
| अधिक मास प्रारंभ<br>१७<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>प्रतिपदा | १८<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>द्वितीया | श्री महाराणा प्रताप जयंती<br>१९<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>तृतीया | २०<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>चतुर्थी | २१<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>पंचमी | २२<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>षष्ठी | २३<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>अष्टमी |
| २४<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>नवमी | श्री गंगा दशहरा रासबिहारी बोस जयंती<br>२५<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>दशमी | २६<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>एकादशी | वीर सावरकर जयंती, पद्मिनी एकादशी<br>२७<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>एकादशी | प्रदोष व्रत<br>२८<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>द्वादशी | २९<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>त्रयोदशी | देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती<br>३०<br>ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष<br>चतुर्दशी |

**यहाँ मेरा अपना कुछ भी नहीं, जिसका है मैं उसी को अर्पित करती हूँ।** देवी अहिल्याबाई होल्कर

नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।


1st RERA APPROVED RESORT TOWNSHIP IN RAMNAGAR UTTARAKHAND
LUXURY VILLA
Managed By
BW | Best Western. Hotels & Resorts
Fully Furnished
Price
₹ 1.35 Cr
Onwards
Amenities
Jacuzzi
Club House
Lake
and 50+ More
Bail Parao Nainital Uttarakhand
Book Now- +91 85950 07767


नूतनवर्षः आयुष्पूर्णः
सुरक्षितः च स्यात्
Re संस्कृत™
ब्रह्मध्वज नमस्तेऽस्तु
सर्वाभीष्टफलप्रद।
प्राप्तेऽस्मिन् वत्सरे नित्यं
मद्गृहे मङ्गलं कुरु॥
resanskrit.com
We salute the Brahmadhvaja
which provides all the desired fruits,
May this new year be auspicious for all.
Source - unknown
जो सारे अभीष्ट फलों को प्रदान करता है,
उस ब्रह्मध्वज को नमन है,
प्रार्थना है कि यह नव वर्ष मंगलमय हो।
www.kdcagro.com

स्वदेशी जागरण मंच

स्वावलंबी भारत अभियान

MySBA

# स्वदेशी - विदेशी वस्तुओं की सूची

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद का प्रयोग करें | विदेशी उत्पाद का - बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | संतूर, निरमा, स्वास्तिक, मैसूर सैंडल, विप्रो, शिकाकाई, मेडिमिक्स, गंगा, सिंथाल, मार्गो, पतंजलि तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, हमाम, जय, मोती, कैमे, डव, पॉण्डस, पॉमोलिव, जॉनसन, क्लीयरसील, डेटाल, लेसांसी, जासमीन, गास्टमिस्ट, लैक्मे, एम्वे, क्वॉटम, मोर्गो |
| कपड़े धोने का साबुन | घड़ी, निरमा, विमल, पतंजलि, हीपोलीन, टी-सीरिज, डेट, फेना, उजाला, शुद्ध, ईजी, जेंटिल, 555, बॉबी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | सनलाईट, व्हील, एरियल, चेक, डबल, ट्रीलो, 501, ओके, की-रिबेल, एम्वे, क्वॉटम, सर्फ एक्सल, रिन, रिम बार, रॉबिन ब्लू और हिन्दूस्थान लिवर के अन्य उत्पादन |
| सौन्दर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यू, टिप्स एण्ड टोज, श्रृंगार, पतंजलि, सिंथॉल, संतूर, इमामी, खादी, बोरोप्लस, तुलसी, विको टर्मरिक, अर्निका, डाबर, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पैराशूट, फेम, केडिला, फ्रंको, अपका, खण्डेलवाल, टोरंट फार्मा, युनिकेम, झंडु फार्मा, महर्षि आयुर्वेद, बलसारा, डाबर, बैद्यनाथ, भास्कर, बोरोलीन, बजाज सेवाश्रम, कोकोराज, मूव, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | जॉनसन, पॉण्डस्, ओल्ड, क्लियरसील, ब्रिलक्रिम, फेयरल एण्ड लवली, वेलवेट, मेडिकेयर, लेवेंडर, नायसील, शॉवर टू शॉवर, क्लूटीकूरा, लिरील, डेनिम, ऑरगनिक्स, रुट्स, पेंटिन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लिनिक, कोको केयर, नवराटिस, क्रेक क्रीम |
| टूथपेस्ट, दन्त मंजन, टूथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, वीको, एंकर, डाबर, पतंजलि, अजय, अजंता, गरवारे, ब्रश क्लासिक, ईगल, बैद्यनाथ, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | कोलगेट, सिबाका, क्लोजप, पेस्टोडेंट, एमवे, क्वॉटम, एक्वाफ्रेश, नीम, ओरल-बी, फोरहंस, सीग्नल, मॅकलिंस |
| दाढ़ी बनाने का साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, अशोक, वी-जॉन, पतंजलि, टोपाज, प्रीमियम, पार्क एवेन्यू, लेझर, विद्युत, जे.के. तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | पॉमोलिव, ओल्ड स्पाईस, निविया, पॉण्डस्, फ्लेटिनम, जिलेट, सेवेन ओ क्लॉक, विलमेन, विलटेज, अरस्मिक, रिस्स, लेकमे, डेनिम |
| बिस्कीट चॉकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | वचन, गाया, देवभोग, न्यूट्रीन, अमूल, ब्रिटानिया, पतंजलि, चैम्पियन, ॲम्प्रो, पारले, साठे, बेकमन, प्रिया गोल्ड, मोनैको, गिट्स, पैरी, रावलगांम, क्लासिक, इंडाना, सफल, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | नेस्ले, केडबरी, बोर्नविटा, हॉरलिक्स, बुस्ट, मिल्क मेड, किसान, मैगी, फैरेक्स, अनिकस्प्रे, कॉम्लान, किटकैट, चार्ज, एक्लेअर, मॉडर्न ब्रेड, माल्टोवा, व्हिवा, माइलो |
| चाय - कॉफी | टाटा, वाघबकरी, गिरनार, आसाम टी, सोसायटी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, तेज, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | बुकब्रांड, ताजमहल, रेडलेबल, डायमंड, लिपटन, ग्रीनलेबल, टाइगर, नेसकैफे, नेसले, डेल्टा, ब्रू, सनराईज, थ्री फ्लॉवर्स |
| शीतलपेय, शर्बत चटनी, अचार मुरब्बा | पोपट, मौसाजी, ओन्जुम, जैम्पिन, हल्दीराम, हमदर्द, मैप्रो, गुरुजी, फ्रूटी, गोकुल, बीकानेर, वेकफील्ड, मोगा, प्रिया, अशोक मदर्स रेसेपी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लहर, पेप्सी, सेवनअप, मिरिंडा टीम, कोका कोला, मॅकडोनाल्ड, मॅंगोला, गोल्ड स्पाट, लिमका, थम्सअप, स्प्राईट, डक्यूस, फैण्टा, कैडबरी |
| आईस्क्रीम | कैप्स, अरूण, दिनशॉं, सेलेस्टी, अमूल, नेचूरल्स, हिमालय, निरुला, वाडीलाल, क्रीमवेल, मदर डेयरी | कैडबरी, डॉलाप, नाईस, बुकब्राड के उत्पादन, क्वालिटी, वॉल्स, बास्किन-रॉबिन्स, यांकि डयूडल्स |
| खाद्य तेल खाद्य पदार्थ | कमल, सर्वोत्तम, मारुति, पोस्टमेन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, रथ, विजया, सपन, पॅराशूट, अशोक, सफोला, कोहिनूर, मधुर, इंजन, गगन, अमृत वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, बेडेकर, सहकार, लिज्जत, गणेश, शक्तिभोग आटा, टाटा तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | डालडा, क्रिस्टल, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक-आटा और चपाती, मैगी, किसान, बुकब्रॉण्ड, कैप्टनकुक नमक और आटा, मॉर्डन चपाती, कारगिल आटा |
| तैयार कपड़े | मफतलाल, रेमण्ड, पिटर इंग्लैण्ड, ट्रेंड, केम्ब्रिज, डबल बुल, झूड़ियो, अरविंद, डेनिम, प्रोलिन, टीटी, अमूल, वीआईपी, रूपा, पार्क एवेन्यू, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशील, ड्यूक्स, कोलकाता बाजार, लूधियाना, एवं अन्य स्थानीय होजरी के उत्पादन | ली के सभी उत्पाद, बर्लिगन, लकोस्टे, सॅनफिस्को, कलरप्लस, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेप जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, बायफोर्ड |
| कम्प्युटर, लैपटॉप एवं उपकरण | एच.सी.एल, सेनिथ, विप्रो, सहारा, इनटैक्स, चिराग, एमकेट, मोसरबेयर, बीपीएल, अजन्ता, टीवीएस | तोशिबा, सेमसंग, एलजी, लेनोवा, सोनी, ऐसर, एचपी, केनन, शार्प, एसुस, डेल, सनडिक्स, नेक, फिलिप्स |

■ वर्ष-12 अंक-133 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 18 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

पृथ्वियां त्रीणि रत्नानि जलमन्नम सुभाषितं।
मूढ़े : पाधानखंडेषु रत्नसंज्ञा विधीयते।।

**भावार्थ** : पृथ्वी पर तीन रत्न हैं: जल, अन्न और उत्तम वाणी। मूर्ख लोग टुकड़ों को पत्थर का रत्न कहते हैं।

कृते प्रतिकृतं कुर्यात्ताडिते प्रतिताडितम्।
करणेन च तेनैव चुम्बिते प्रतिचुम्बितम्।।

**भावार्थ** : हर क्रिया का उत्तर होना चाहिए। प्रत्येक हिट के लिए एक पारस्परिक लात और प्रत्येक चुंबन के लिए एक ही तर्क के साथ एक पारस्परिक चुंबन।

## सम्पादकीयम्

### नामानि सूचीतः

अनेके विवादाः अद्यापि सन्ति। दुर्भाग्येन येषु राज्येषु द्वितीयचरणस्य मसौदासूचिकाः मुक्ताः सन्ति तेषु अपि विवादाः निरन्तरं वर्तन्ते। बङ्गदेशे असन्तुष्टिः विशेषतया अधिका अस्ति। राज्यस्य मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी इदानीं एसआईआर इत्यस्मिन् प्रयुक्तस्य सॉफ्टवेयरस्य विषये प्रश्नान् उत्थापितवती अस्ति। तस्याः दलं टीएमसी अपि तेषां मतदातानां मानचित्रणकार्य्ये दोषाणां आरोपं कुर्वन् अस्ति येषां नामानि सूचीतः लुप्ताः सन्ति। जनानां साहाय्यं करणम्। एतेषां नामानां विलोपनस्य कारणानि व्याख्याय निर्वाचनआयोगेन आँकडानि प्रकाशितानि सन्ति। एतत् स्पष्टीकरणं साधु, परन्तु येषां नाम लुप्तं तेषां मतदानस्य अधिकारस्य प्रयोगाय यथाशक्ति साहाय्यं करणीयम्। दावानां आक्षेपाणां च दाखिलीकरणे, तेषां नामपरीक्षायां च जनसाहाय्यस्य दायित्वं राजनैतिकदलानां भवति। बिहार-एसआईआर-सम्बद्धेषु विषयेषु सुनवायीकाले सर्वोच्चन्यायालयेन राजनैतिकदलानां निष्क्रियतायाः विषये आश्चर्यं प्रकटितं, स्थानीयदलकार्यकतृर्णां जनसामान्यस्य च मध्ये एतादृशः विच्छेदः किमर्थम् इति पृष्टम्। साझा उत्तरदायित्व। प्रायः २१ वर्षपूर्वं घटितस्य रक्तक्रइत्यस्य स्मृतयः अधुना मन्दाः सन्ति, यतः तदा तावत् कोलाहलः नासीत्। सम्भवतः परिवर्तितानां राजनैतिकपरिस्थितेः कारणेन एतत् अस्ति। इदानीं निर्वाचनआयोगस्य दायित्वं वर्तते यत् एषः कोलाहलः निर्वाचनसमारोहान् न आच्छादयति तथा च व्यवस्थायां जनस्य विश्वासः न क्षीणः भवति।

सम्पत्तिविवादः खतरनाकः मोडं प्राप्नोति :

# पुत्रः व्यसननिवृत्तिकेन्द्रे पितरं बन्धकरूपेण धारयितुं आरोपितः



ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरे पारिवारिकसम्पत्त्याः विवादः गम्भीरं कानूनी मानवीयं च परिवर्तनं प्राप्तवान्, यत्र एकः पुत्रः स्वस्य वृद्धं पितरं बलात् व्यसननिवृत्तिकेन्द्रे प्रवेशयित्वा तत्र बन्धकं कृतवान् इति आरोपः कृतः। सम्पूर्णः प्रकरणः तदा वर्धितः यदा मध्यप्रदेश उच्चन्यायालये अस्य विषयस्य विषये हबियास कॉर्पस याचिका दाखिला अभवत्। प्रकरणस्य गम्भीरताम् अवलोक्य उच्चन्यायालयेन हस्तक्षेपः कृतः, तस्य चिकित्साप्रतिवेदनैः सह तस्य वृद्धस्य न्यायालये प्रस्तुतं पुलिसं निर्देशः दत्तः।

उच्चन्यायालयस्य विभागपीठेन मुख्यन्यायाधीशः संजीवसचदेवः न्यायाधीशः विनयसराफः च अस्य विषयस्य श्रवणं कृतम्। याचिकायां आरोपः अस्ति यत् सम्पत्तिविवादात् उद्भूतः दुर्गेशपटेलः नामकः वृद्धः स्वपुत्रेण रूपेशपटेलेन बलात् व्यसननिवृत्तिकेन्द्रे प्रवेशितः, सम्प्रति तस्य इच्छाविरुद्धं तत्र निरुद्धः अस्ति। याचिकाकर्ता अक्षयचौधरी-यः कथितरूपेण दुर्गेशपटेलेन सह कार्यं करोति- एतत् व्यक्तिगतस्वतन्त्रतायाः गम्भीरं उल्लङ्घनम् इति लक्षणं दत्त्वा न्यायालयस्य समक्षं प्रकरणं आनयत्।

याचिकायां प्रतिपादितं यत् दुर्गेशपटेलः किमपि प्रकारस्य मादकद्रव्यव्यसनस्य पीडितः नास्ति तथा च केवलं सम्पत्तिविवादस्य कारणेन एवम् प्रकारेण बन्धकः कृतः। सुनवायीकाले यदा पुलिसैः वृद्धः न्यायालयस्य समक्षं प्रस्तुतः तदा सः अपि पीठिकां सूचितवान् यत् सः किमपि मनोरोगजनकं पदार्थं न सेवते, मिथ्या आरोपानाम् आधारेण व्यसननिवृत्तिकेन्द्रे निरुद्धः अस्ति इति। तस्य वचनेन प्रकरणस्य संवेदनशीलता अधिका अभवत्। अपरपक्षे यदा वृद्धस्य पत्नी, पुत्रः, पुत्री च न्यायालयस्य समक्षं सर्वथा भिन्नं दृष्टिकोणं प्रस्तुतवन्तः तदा प्रकरणस्य नूतनं परिवर्तनं जातम् परिवारस्य सदस्यानां तर्कः आसीत् यत् दुर्गेशपटेलः वस्तुतः पदाथार्नां व्यसनं धारयति, तस्य सम्पत्तिनियन्त्रणं ग्रहीतुं प्रयतमानानां भूमिमाफिया (भूमिग्राहकानाम्) प्रभावे च पतितः अस्ति तेषां आरोपः अपि आसीत् यत् पितुः स्थितिं दृष्ट्वा तस्य समुचितं चिकित्सां प्राप्तुं व्यसननिवृत्तिकेन्द्रे प्रवेशः अत्यावश्यकः अस्ति। उभयपक्षेण प्रस्तुतानां परस्परविरोधिनां दावानां आलोके उच्चन्यायालयेन अस्मिन् विषये निष्पक्षतां सुनिश्चित्य महत्त्वपूर्णाः निर्देशाः जारीकृताः। संभागपीठेन पुलिस-अनुसन्धान-अधिकारिणः निर्देशः दत्तः यत्, जबलपुर-नगरस्य।

स्वस्तम्भे एकं शुद्धं

## कटुसत्यं लिखन् गावस्करः अवदत् यत् पाकिस्तानीक्रीडकानां

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

आरभ्य आईपीएल-क्रीडायां भारतीय-मताधिकाराः पाकिस्तानी-क्रीडकानां कृते पूर्णतया दूरीकृताः आसन्; फलतः इदानीं विदेशेषु लीगे तान् क्रयणं सर्वथा दुर्बोधम् अस्ति। शस्त्राणि गोलाबारूदं च आयकरराजस्वेन क्रियन्ते

स्वस्तम्भे एकं शुद्धं कटुसत्यं लिखन् गावस्करः अवदत् यत् पाकिस्तानीक्रीडकानां कृते दत्तस्य बहुकोटिशुल्कस्य महत्त्वपूर्णः भागः आयकररूपेण तेषां सर्वकाराय गच्छति। एतेन एव करराजस्वेन पाकिस्तानदेशः शस्त्राणि गोलाबारूदं च क्रीणाति--- अनन्तरं भारतीयसैनिकानाम् निर्दोषनागरिकाणां च विरुद्धं सीमायां देशस्य आन्तरिकक्षेत्रे च प्रयुक्तानि शस्त्राणि। सः निर्विवादरूपेण लिखितवान् यत यदि कोऽपि भारतीयः संस्था-अथवा तस्याः विदेशे स्थिता सहायककम्पनी-पाकिस्तानीक्रीडकानां कृते भुक्तिं करोति तर्हि सा, यद्यपि अप्रमादेन, भारतीयानां क्षतिषु योगदानं ददाति। भारते कार्यं कुर्वतां पाकिस्तानीकलाकारानाम्, क्रीडकानां च उपरि पूर्णप्रतिबन्धः कृतः इति प्राथमिककारणम् एतत् एव। स्वामिना स्थितिः अवगन्तव्या आसीत् सनराइजर्स्-क्लबस्य प्रशिक्षकेन डैनियल-वेट्टोरी-इत्यनेन कृतस्य निर्णयस्य विषये टिप्पणीं कुर्वन् गावास्करः टिप्पणीं कृतवान् यत् न्यूजीलैण्ड-देशवासी इति कारणतः वेट्टोरी अस्य विषयस्य गुरुत्वाकर्षणं पूर्णतया न गृह्णीयात्, केवलं पाकिस्तानी-क्रीडकाः स्वस्य दलस्य शक्तिं वर्धयितुं इच्छन्ति इति। परन्तु द्वयोः राष्ट्रयोः मध्ये प्रचलितस्य तनावस्य भूराजनीतिकस्थितेः च व्यापकबोधः दलस्य स्वामिनः भवितुमर्हति स्म अस्य अधिग्रहणस्य निरोधाय सा स्वयमेव अग्रे गन्तव्यम् आसीत्।

## रसगुल्ला गले अटति इति कारणेन झारखण्डे दुःखदमृत्युः

ब्रह्मास्त्र ›› जमशेदपुर

अत्र विवाहसमारोहे हृदयविदारकघटना अभवत्। विवाहभोजने रसगुल्ला (मधुरं स्वादिष्टं) कण्ठे अटत् इति कारणेन ४१ वर्षीयः पुरुषः मृतः। समाचारानुसारं रसगुल्ला तस्य वायुमार्गं अवरुद्धवान् इति कारणेन सः पुरुषः दमघोषं कृतवान्; तस्य चिकित्सालयं त्वरितरूपेण प्रेषयितुं प्रयत्नाः अपि तस्य प्राणाः रक्षितुम् न शक्तवन्तः। एतस्याः दुःखदघटनायाः अनन्तरं विवाहस्य उत्सवस्य आनन्दः सर्वथा शोकरूपेण परिणतः। जमशेदपुरे १६ मार्च सोमवासरे प्रातःकाले ललितसिंहः नामकः पुरुषः मलियान्ताग्रामे विवाहसमारोहे भागं गृह्णाति स्म तदा एषा घटना अभवत्। प्रत्यक्षदर्शिनां मते ललितः भोजनं कुर्वन् आसीत् यदा सः रसगुल्ला खादितवान्। मधुरस्य सेवनस्य सेकेण्ड्-मात्रेभ्यः अनन्तरं तस्य श्वसनस्य तीव्रं कष्टं अनुभवितुं आरब्धम्।

## राशिफल

**मेष** : समय मध्यम है। आपका मन परेशान रहेगा। आपका बिजनेस अच्छा है, बिजनेस के लिए आपको विदेश जाना पड़ सकता है।

**वृषभ** : कोई बात है जो पर्सनल लाइफ में आपको परेशान कर सकती है। मन परेशान हो सकता है।

**मिथुन** : इस समय मीठा बोलना जरूरी हैष सभी से प्यार से बात करें। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के मौके मिल सकते हैं।

**कर्क** : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। आप किसी बात को लेकर दुखी हो सकते हैं, मन में उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं।

**सिंह** : इस राशि के लोगों को आज खुश होने का मौका लवलाइफ में मिल सकता है। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** : आज आपको प्रोफेशनल लाइफ में आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है।

**तुला** :तुला राशि वालों के लिए इस समय कम्युनिकेशन खास रहेगा, इसलिए जो भी बोलें बैलेंस करके बोलें।

**वृश्चिक** : आपको मानसिक तौर पर तनाव हो सकता है, इसलिए आप थोड़े परेशान हो सकते हैं।

**धनु** : इस समय आपको प्रोफेशनल लाइफ में काबिलियत साबित करने के लिए कई मौके मिल सकते हैं।

**मकर** : मकर राशि वालों के लिए अच्छे योग हैं, प्रोपर्टी या स्टॉक मार्केट से निवेश के मौके आएंगे।

**कुंभ** : हेल्थ को लेकर चिंता हो सकती है, आपका मन परेशान रहेगा। मानसिक शांति बनाए रखने की कोशिश करें।

**मीन** : महत्वपूर्ण पेशेवर कामों को पूरा करते समय अहंकार को त्याग दें। वित्तीय समृद्धि आपको स्मार्ट निवेश करने में मदद करती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# चंद्र-मंगल युति से बना महालक्ष्मी राजयोग, इन राशियों को अपार धन लाभ और तरक्की के योग

कुंभ राशि में मंगल-चंद्रमा की युति से कुछ राशि वालों को विशेष लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं किन राशियों को मिलेगा सबसे ज्यादा लाभ।

वैदिक ज्योतिष में सभी ग्रह समय-समय पर गोचर करते हैं और इस दौरान एक-दूसरे के संग युति भी करते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब चंद्रमा और मंगल की युति होती है तो महालक्ष्मी रायगोग का निर्माण होता है। ज्योतिष में इसे बहुत ही शुभ योग माना जाता है। जिन जातकों की कुंडली में यह योग बनता है व्यक्ति के जीवन में धन, सुख, समृद्धि और संपन्नता के अवसर लेकर आता है। ज्योतिष में चंद्रमा को मन का कारक कहा जाता है। यह व्यक्ति के मन का नियंत्रित करने का कारक होता है, वहीं मंगल ग्रह ऊर्जा, साहस, भूमि और पराक्रम आदि का प्रतिनिधित्व करता है। जब भी चंद्र-



मंगल की शुभ युति होती है महालक्ष्मी राजयोग का निर्माण होता है। चंद्रमा कुंभ राशि में प्रवेश करने वाले हैं जहां पर पहले से मंगल देव विराजमान हैं। ऐसे में कुंभ राशि में महालक्ष्मी राजयोग बनने पर कुछ राशि वालों के लिए आर्थिक स्थिति में मजबूती, नए तरह के अवसरों और करियर-कारोबार में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। महालक्ष्मी राजयोग के बनने पर कुछ राशि वालों के लिए करियर में नई संभावनाएं और शुभ समाचार सुनने को मिल सकते हैं। आइए जानते हैं किन-किन राशि वालों को सबसे ज्यादा लाभ मिल सकता है।

**मेष राशि–** मेष राशि वालों के लिए महालक्ष्मी राजयोग बहुत ही शुभ और फलदायी साबित हो सकता है। महालक्ष्मी राजयोग बनने से आपके करियर-व्यापार में अच्छी उन्नति और लाभ के संकेत है। यह राजयोग आपकी इनकम और लाभ के स्थान पर बनेगा जिससे आपकी आय में इजाफा होगा। लंबे समय से अटके हुए कार्य पूरे होंगे और नई तरह की जिम्मेदारियां मिल सकती है। आय के नए-नए स्त्रोत और व्यापार में कोई नई तरह की डील हासिल होने की पूरी संभावना है।

**वृश्चिक राशि –** वृश्चिक राशि वालों के लिए महालक्ष्मी राजयोग बहुत ही शुभ और अनुकूल साबित होगी। महालक्ष्मी राजयोग आपकी राशि से कर्म के भाव में बनने जा रहा है जिससे आपकी आर्थिक उन्नति के अवसरों में वृद्धि होगी। नौकरी में कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है और कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। कार्यस्थल पर आपको कई तरह के अवसरों की प्राप्ति हो सकती है और सकारात्मक परिणाम की प्राप्ति हो सकती है।

**कर्क राशि–** कर्क राशि वालों के लिए महालक्ष्मी राजयोग बहुत ही शुभ और आर्थिक नजरिए से शुभ साबित रहेगा। करियर-कारोबार में नए तरह के अवसरों की प्राप्ति हो सकती है और कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से अच्छा सहयोग मिलेगा। धन लाभ के अवसरों में वृद्धि होगी। इस दौरान आपके बैंक बैलेंस में इजाफा देखने को मिल सकता है। भूमि, भवन और वाहन का सुख प्राप्त हो सकता है और संतान की तरफ से आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है।

## खबर एक नजर...

### शराब तस्करी में गिरफ्तार आरोपी का बढ़ सकता है रिमांड

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना पुलिस ने रविवार-सोमवार रात सूचना मिलने पर रूनिजा चौपाटी पर नाकाबंदी कर इको कार क्रमांक एमपी 43 झेडजी 5449 को रोका था और 200 बोतल देशी-विदेशी शराब की बरामद की थी। जिसकी कीमत 1.13 लाख पाई गई थी। कार चालक प्रेमसिंह उर्फ पिंटू पिता जीवनलाल बंजारा को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया था। बरामद शराब इंदौर की होना सामने आई थी। पूछताछ में शराब तस्कर ने कानवन के 2 युवकों से शराब लाना और बड़नगर में सप्लाय कराना कबूला था। पुलिस ने मंगलवार को शराब उपलब्ध कराने वाले दोनों युवको की तलाश में कानवन में दबिश मारी। लेकिन उनका पता नहीं चल पाया। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी के अनुसार बुधवार को आरोपी का रिमांड खत्म होने पर उसे कोर्ट में पेश किया जायेगा। जहां से रिमांड अवधि बढ़वा कर शराब तस्करी से जुड़े आरोपियों की फिर से तलाश शुरू कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें।

### इंदौररोड पर आपस में टकराई 3 कार, एक क्षतिग्रस्त

**उज्जैन।** इंदौररोड पर सिक्स लेन निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसके चलते यातायात बाधित बना हुआ है और आये दिन दुर्घटना होना सामने आ रहा है। अब शनि मंदिर ब्रिज के ऊपर एक के बाद एक तीन कारों के आपास में टकराने का मामला सामने आया। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने विदिशा के गंजबासौदा में रहने वाले पवन पिता जेपी विश्वकर्मा की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। पवन के अनुसार वह उज्जैन आ रहे थे, तभी पीछे से कार ने टक्कर मारी। उनकी कार आगे चल रही कार से टकरा गई। जिसके चलते उनकी कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस के अनुसार पीछे से टक्कर मारने वाली कार के चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### शराब के साथ जहर मिलाकर पीने वाले युवक की मौत

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडला सौंधिया में रहने वाले श्याम पिता जुवानसिंह ने सोमवार को शराब के साथ मिलकर जहर पी लिया था। उसे बाथरूम में बेसुध हालत में मां करणबाई ने देखा तो परिजनों की मदद से उपचार के लिये उज्जैन निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां मंगलवार तड़के श्याम की मौत हो गई। मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि श्याम 2 बच्चों का पिता था और मजदूरी करने के साथ शराब पीने का आदी था। पुलिस के अनुसार मर्ग डायरी संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

### तराना से रैफर 70 साल के बीमार बुजुर्ग की मौत

**उज्जैन।** तराना से सोमवार को देवीलाल नामक 70 साल के बुजुर्ग को चरक अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने डीवीडी वार्ड में उपचार के लिये भर्ती किया, लेकिन रात में बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की सूचना अस्पताल स्टॉफ द्वारा कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मृतक बुजुर्ग के परिजनों की जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया और शव को दफना दिया। मर्ग डायरी तराना थाना पुलिस को भेजी जायेगी। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग बीमारी की हालत में मिला था, जिसे तराना अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां से हालत ठीक नहीं होने पर उज्जैन भेजा गया था।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 588-1 | 256-3 |
| मेन बाजार | 336-2 | 339-5 |
| मिलन डे | 366-5 | 118-0 |
| मिलन नाइट | 455-4 | 670-3 |

3 5 0

## जीयो वाईफाई की राशि रिफंड कराने के लिये गूगल पर कस्टमर केयर नम्बर सर्च करना पड़ा भारी

# साइबर ठग ने क्यूआर कोड से उड़ाये 42 हजार से अधिक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जीयो वाईफाई की राशि रिफंड कराने के लिये वृद्ध को गूगल पर कस्टमर केयर नम्बर सर्च करना भारी पड़ गया। शातिर ठग ने क्यूआर कोड भेज खाते से 3 बार ट्रांजेक्शन किया और 43 हजार के लगभग राशि निकाल ली। 8 माह बाद पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

नागदा थाना एसआई विरेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि आदिनाथ कालोनी में रहने वाले सलीम पिता बाबू खान 55 साल के साथ 12 जुलाई 2025 को ऑनलाईन 42 हजार 990 रुपए की धोखाधड़ी हुई थी। मामले की शिकायत सलीम खान ने साइबर सेल को दर्ज कराई थी, जहां से अब धोखाधड़ी करने वाले की जानकारी सामने नहीं आई तो उन्होने 8 माह बाद थाने आकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की ओर से अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। सलीम खान ने बताया कि उन्हे जीयो वाईफाई से 2221 राशि का रिफंड लेना था। जिसके चलते उन्होने जीयो वाईफाई से संपर्क करने के लिये गूगल पर कस्टमर केयर नम्बर सर्च किया। नम्बर मिलने पर उन्होने कॉल किया और राशि रिफंड की बात कहीं। कॉल रिसिव करने वाले ने कहा कि वाट्सएप पर क्यूआर कोड भेज रहा हूं। स्कैन कर अपना पासवर्ड डालना, आपकी राशि रिफंड हो जायेगी। सलीम खान ने क्यूआर कोड स्कैन कर पासवर्ड डाल दिया। कुछ देर बाद उनके खाते से पहली बार 39993, दूसरी बार 999 और तीसरी बार में 1998 रुपए का ट्रांजेक्शन हो गया। खाते से 42 हजार 990 रुपए निकलने का मैसेज मिलते ही उन्हे धोखाधड़ी का आभास हुआ। एसआई चौहान के अनुसार पुलिस अब अज्ञात बदमाश का पता लगाने के लिये बैंक से जानकारी प्राप्त कर पता लगाये कि उक्त राशि किस खाते में ट्रांसफर की गई है।



### लिंक भेज खाते से उड़ाये 1.67 लाख

ऑनलाईन ठगी का एक मामला माधवनगर थाना पुलिस द्वारा दर्ज कर जांच में लिया गया है। ऋषिनगर में रहने वाले शैलेष पिता रमेशचंद्र मनाना 51 साल के साथ 16 फरवरी को 1.67 लाख की धोखाधड़ी हुई। शैलेष मनाना ने शिकायत में बताया कि आरबीएल बैंक नाम से उनके पास कॉल आया था और बताया गया कि क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाई जा रही है। उन्हे मोबाइल पर लिंक भेजी गई है, जानकारी भरकर भेजे। शैलेष मनाना ने लिंक पर क्लिक किया और जानकारी भर दी। कुछ देर बाद उनके खाते से साइबर ठग ने राशि उड़ा दी।

### म्यूल अकाउंट के जरिये अवैध ट्रांजेक्शन

ऑनलाइन होने वाली साइबर ठगी के मामले में पुलिस अभियान चलाकर बैंको से अनाधिकृत तरीके से हो रहे ट्रांजेक्शनों की जानकारी एकत्रित कर रही है। इसी अभियान में साइबर सेल टीम को देवासगेट थाना क्षेत्र की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 2 खातों की जानकारी मिली। जिसमें कुछ महिनों के दौरान ही 13 लाख से अधिक का ट्रांजेक्शन हुआ। दोनों खातों की जांच करने पर सामने आया कि गुना के रहने वाले राम अहिरवार, करण अहरिवार और प्रमोद अहरिवार ने शास्त्रीनगर में प्रमोद ट्रेडर्स और राम-करण अहिरवार ने श्रीराम किराना फर्म के नाम से खाते खोले थे। जिसका उपयोग साइबर क्राइम और ऑनलाइन गैमिंग में किया जा रहा था। थाना प्रभारी अनिला पाराशर के अनुसार उक्त खाते में आई राशि को अवैध लाभ प्राप्त करने के लिये आहरित की जा रही थी। दोनो खाताधारकों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धारा मे प्रकरण दर्ज किया गया है।

## बाइक और मोबाइल मिलने पर हुई शिनाख्त

# परिजनों को वीडियो भेज युवक ने पटरी पर रखी गर्दन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मकडावन के नारेला और बनबना के बीच रेलवे ट्रेक पर सोमवार-मंगलवार रात गर्दन कटी लाश की सूचना पर इंगोरिया थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची। मृतक युवक की पहचान उसके पास मिले मोबाइल और कुछ दूरी पर खड़ी बाइक नम्बर के आधार पर की गई। युवक ने सुसाइड से पहले परिजनों को वीडियो बनाकर भेजा था।

थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि रात में रेलवे ट्रेक पर युवक गर्दन कटी लाश पड़ी होने की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। प्रथमदृष्टता मामला आत्महत्या का होना सामने आया। घटनास्थल पर जांच के दौरान मृतक युवक का मोबाइल और कुछ दूरी पर बाइक खड़ी मिली। जिसके आधार पर उसकी पहचान इंदरगिरी पिता कालू गिरी गोस्वामी 48 साल निवासी ग्राम सुराखेड़ी के रूप में हुई। परिजनों को सूचना दी गई और शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। मंगलवार सुबह सामने आया कि इंदरगिरी ने आत्महत्या से पहले मोबाइल से वीडियो बनाया था, जिसे परिजनों को भेजा था। वीडियों में उसने कहा कि सुसाइड कर रहा हूं मैं थक गया हूं। पारिवारिक समस्या नहीं है। जीवन के किसी को कष्ट दिया हो तो क्षमा करना। बताया जा रहा है कि सुसाइड से पहले उसने शराब का सेवन भी किया था।

# विक्रमोत्सवः रामघाट क्षेत्र में कल बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

### 5 मार्गो पर वाहन रहेंगे प्रतिबंधित, 3 मार्गो पर होगी पार्किंग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

क्षिप्रा नदी के दत्त अखाड़ा घाट पर गुरूवार को विक्रमोत्सव का आयोजन शाम 7 बजे किया जायेगा। कार्यक्रम में भजन संध्या होगी, जिसमें हजारों की संख्या में श्रोता पहुंचेगें। यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के लिये कुछ मार्गो पर वाहनो की आवाजही पर प्रतिबंध लगाया गया है।

यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि क्षिप्रा नदी के घाट पर होने वाले विक्रमोत्सव में गुरूवार शाम विशाल मिश्रा की भजन संध्या का आयोजन भी रख गया है। क्षिप्रा नदी के बीच में बनाये गये मंच पर होने वाली भजन संध्या और कार्यक्रम में शहर के साथ आसपास के जिलों से भी हजारों की संख्या में श्रोता पहुंचेगें। वहीं वीआईपी आगमन भी होगा। क्षिप्रा नदी की ओर जाने वाले मार्गो पर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाये रखने के लिये शाम 4 बजे से कर्कराज पार्किंग से नृसिंह घाट, गुरूद्वारा टर्निंग से शंकराचार्य चौराहा, चक्रतीर्थ से बिलोटीपुरा, दानीगेट और नृसिंहघाट चौराहा से गुरूद्वारा की ओर जाने वाले मार्गो पर वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वहीं गुरूद्वारा टर्निंग से दत्त अखाड़ा की ओर पैदल प्रवेश को भी पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

**कार्यक्रम स्थल मार्ग और पार्किंग व्यवस्था-** विक्रमोत्सव कार्यक्रम स्थल पहुंचने के मार्ग और पार्किंग की व्यवस्था भी जिला प्रशासन और यातायात पुलिस द्वारा की गई। कार्यक्रम में शामिल होने वाले हरिफाटक चौराहा से डपिंग स्टेशन, जंतर-मंतर लालपुल टी, मुरलीपुरा चौराहा से शंकराचार्य चौराहा होते हुए कार्तिक मेला ग्राउण्ड में वाहन पार्क कर सकेगें। पार्किंग स्थल से पैदल श्रोता दत्तअखाड़ा घाट तक पहुंचेंगे। कर्कराज पार्किंग तक पहुंचने के लिये हरिफाटक चौराहा से डम्पिंग स्टेशन, जन्तर-मन्तर और लालपुल टर्निंग से होकर कर्कराज पार्किंग तक जा सकेगें।

## ब्लैक में गैस सिलेंडर की शिकायत पहुंची कलेक्टर कार्यालय

# महावीर गैस एजेंसी के हॉकर ने दुकानों पर 2 हजार में पहुंचाई टंकी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ईंधन की आपूर्ति प्रभावित बनी हुई है। गैस सिलेंडरों की किल्लत गहराती जा रही है। जिसका फायदा गैस एजेंसी के हॉकरों द्वारा उठाया जा रहा है। ऐसी ही शिकायत गैस सिलेंडर ब्लैक करने की कलेक्टर तक पहुंची है।

शहर में गैस सिलेंडर की आपूर्ति को बनाये रखने के लिये खाद्य विभाग द्वारा होटल, रेस्टोरेंटो में घरेलू सिलेंडरों की मौजूदगी पर छापा मार कार्रवाई की जा रही और ब्लैक करने वालों की धरपकड़ की जा रही है। बावजूद इसके गैस एजेंसी के हॉकर सिलेंडरों की कमी का फायदा ब्लैक कर उठाया जा रहा है। मंगलवार को सिलेंडर ब्लैक करने की शिकायत कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची। शिकायतकर्ता युनूस पिता छुट्टन खान निवासी नेहरूनगर ने नागझिरी ने शिकायती आवेदन देकर बताया कि महावीर गैस एजेंसी के डीलर सोनू द्वारा दुकानों पर 2000 हजार में सिलेंडर ब्लैक में दिये जा रहे है। नागझिरी क्षेत्र की तीन-चार दुकानों पर सोनू द्वारा गैस टंकी के 2 हजार रुपए मांगे। जिसकी रिकार्डिंग भी उसके पास मौजूद है। सोनू द्वारा पूर्व पार्षद और समीर नामक व्यक्ति को 2 हजार में टंकी ब्लैक की गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि गैस एजेंसी द्वारा टंकी की कालाबाजारी कर जा रही है। युनूस द्वारा आवेदन देकर की गई शिकायत पर कलेक्टर कार्यालय द्वारा जांच का आश्वासन दिया गया है।



### इधर उपभोक्ता को लग रही साढे सात रुपए की चपत

हॉकरों द्वारा जहां 2 गुना कीमत में टंकी ब्लैक की जा रही है, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को भी साढ़े सात रुपए की चपत लगाई जा रही है। पहले ही गैस सिलेंडर पर 60 रुपए की बढ़ोत्री कर दी गई है। वर्तमान में गैस सिलेंडर 972 रुपए 50 पैसे का आ रहा है। लेकिन नम्बर लगाकर सिलेंडर लेने पहुंच रहे उपभोक्ताओं को खुल्ले पैसे नहीं होने का हवाला देकर 980 रुपए लिये जा रहे है। शहर में प्रतिदिन करीब 12 हजार गैस सिलेंडरों की खपत होना बताई जाती है। अगर आपूर्ति प्रभावित होने पर प्रतिदिन 8 से 10 हजार सिलेंडर की सप्लाय घरेलू उपभोक्ता को की जा रही है तो साढे सात रुपए अधिक लेने पर प्रतिदिन गैस एजेंसी के हॉकरों को होने वाली ऊपरी कमाई का अंदेशा सहज लगाया जा सकता है।

### व्यवसायिक सिलेंडर भी ब्लैक में

आपूर्ति प्रभावित होने पर घरेलू सिलेंडर ब्लैक किये जा रहे है, वहीं व्यवसायिक सिलेंडरों की कालाबाजारी भी होना सामने आ रहा है। वर्तमान में व्यवसायिक सिलेंडर 1 हजार 884 रुपए के लगभग आ रहा है। होटल, रेस्टोरेंटों और शादी समारोह में व्यवसायिक सिलेंडर भी ब्लैक किये जा रहे है। एक ओर एजेंसियों पर नम्बर लगाने के लिये उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में लगना पड़ा रहा है। वहीं कालाबाजारी ने उनकी परेशानी को ओर बढ़ा दिया है। नम्बर लगाने के बाद भी टंकी समय पर नहीं पहुंच पा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com